




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 218 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 09 मई 2024 डाक 10 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

प्रधानमंत्री मोदी तेलंगाना के वारंगल में लोकसभा चुनाव के लिए एक प्रचार रैली के लिए जाते समय लक्ष्मीपुरम गांव में एक बच्चे को गोद में लिए हुए हैं



**देश-विदेश**

चमड़ी व रंग के आधार पर देश को बांटने की साजिश रच रही कांग्रेस, नड्डा बोले- फूट डालो, राज करो की नीति पर चल रही पार्टी



**फीचर पेज**

जानें कितनी खतरनाक है अस्थमा की बीमारी, इसके अटैक से बचने के लिए क्या-क्या करना चाहिए




## हमें 15 सेकंड लगेंगे..., अकबरुद्दीन ओवैसी के पुलिस हटाने वाले बयान पर नवनीत राणा के विवादित बोल



**तेलंगाना, 09 मई [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव के चलते भाजपा और कांग्रेस में वार-पलटवार की राजनीति तेज है। इस बीच हैदराबाद से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता के समर्थन में रैली करते हुए भाजपा नेता और अमरावती से सांसद नवनीत राणा ने भड़काऊ बयान दिया है। राणा ने एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ओवैसी के 2013 के एक बयान पर जवाब देते हुए ये विवादित बोल बोले। दरअसल, रैली में बोलते हुए राणा ने ओवैसी बंधुओं को उनके गढ़ हैदराबाद में चेतावनी देते हुए कहा कि देश में हिंदू-मुस्लिम अनुपात को संतुलित करने के लिए उन्हें 15 मिनट का समय लगेगा, लेकिन अगर पुलिस हटा दी जाए तो हमें 15 सेकंड लगेंगे। हैदराबाद से उम्मीदवार असदुद्दीन ओवैसी के छोटे भाई ने कहा था कि है, पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा दें ताकि हम उन्हें दिखा सकें कि हम क्या कर सकते हैं, मैं अकबरुद्दीन से कहना चाहती हूं कि आपको 15 मिनट लग सकते हैं, लेकिन हमें केवल 15 सेकंड लगेंगे। राणा ने आगे कहा कि अगर हमें समय मिला तो 15 सेकंड में ऐसा कर देंगे कि छोटे और बड़े को पता नहीं चलेगा, कहां से आए और कहां को गए।

## 2 लड़कों की मौत...2 लड़कियां घायल, अंधे मोड़ पर हुआ हादसा

**राजनांदगांव।** जिले में चंदिया-गिदर्री मार्ग पर हुए सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई। हादसे में 2 लड़कियां गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है। डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि ग्राम गिदर्री का रहने वाला रूपेश कुमार (24) अपनी बाइक (क्रमांक सीजी 07 जेडएस 1449) से अपनी रिश्तेदार भूमि पटेल और दामिनी पटेल को उमरवाही से लेकर अपने गृहग्राम वापस लौट रहा था। इस दौरान चंदिया-संबलपुर के बीच अंधे मोड़ पर उसकी बाइक को सामने से आ रही दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। दूसरी बाइक (क्रमांक सीजी07 G 0671) पर चोवाराम रावटे (24) निवासी संबलपुर सवार था। दोनों बाइक की टक्कर के बाद सभी सवार सड़क पर गिर पड़े। दोनों बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने डायल 112 और डोंगरगढ़ थाना पुलिस को कॉल किया।

# दोस्त हो तो ऐसा... अमेरिका ने भारत पर लगाए आरोप तो भड़क उठा रूस, कहा- लोकसभा चुनाव में दखल देना चाहता है यूएस



**मॉस्को, 09 मई [एजेंसी]।**

खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ हत्या की साजिश रचने के अमेरिका के आरोपों को खारिज करते हुए आज रूस ने भारत का समर्थन किया है।रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वाशिंगटन ने अभी तक इसमें किसी भारतीय के शामिल होने का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हमारे पास मौजूद जानकारी के अनुसार वाशिंगटन ने अभी तक किसी पन्नू की हत्या की कोशिश में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं दिया है। सबूत के अभाव में इस विषय पर अटकलें अस्वीकार्य हैं।रूसी प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका भारत का अपमान कर रहा है। दरअसल, रूसी प्रवक्ता की टिप्पणी अमेरिका के उस आरोप के खिलाफ आई है, जिसमें यूएस ने पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के एजेंट के शामिल होने की बात कही थी। अमेरिकी समाचार पत्र में कहा गया था कि भारत रूस और सऊदी अरब की तरह ही अपने दुश्मनों के खिलाफ गुप्त कार्रवाई की कोशिश कर रहा है। रूस ने कहा कि अमेरिका ने भारत के खिलाफ नियमित रूप से निराधार आरोप लगाए हैं। रूस ने कहा कि भारत ही नहीं, बल्कि कई अन्य देशों पर भी निराधार आरोप लगाना अमेरिका का काम हो गया है।

## केंद्र सरकार पर बरसे आदित्य ठाकरे 400 पार के दावे को बताया खोखला

*मुंबई 09 मई। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे ने मीडिया से बातचीत के दौरान विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में महा विकास अघाड़ी की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा, इस बार लोग महा विकास अघाड़ी को वोट देने के लिए आतुर हैं। बीजेपी के 400 पार का नारा इस बार खोखला साबित होने जा रहा है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में प्रस्तावित वाढवण बंदरगाह परियोजना पर आदित्य ठाकरे ने कहा, हम स्थानीय लोगों के साथ हैं, अगर लोग इसके खिलाफ हैं, तो हम लोगों के साथ रहेंगे।स्थानीय लोगों ने इस प्रोजेक्ट का विरोध किया है और इसे अपनी आजीविका के लिए खतरा बताया है। वे राज्य तथा केंद्र सरकार के साथ बातचीत करना चाहते हैं ताकि उनकी चिंता दूर हो सके।*

## सैम पित्रौदा के नए बयान से मचा बवाल, अब रॉबर्ट वाड्रा भड़के



**नईदिल्ली, 09 मई [एजेंसी]।**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व चेयरमैन सैम पित्रोदा के रंगभेद वाले बयान से घमासान मचा हुआ है। सैम ने अंग्रेज़ी अख़बार को दिए इंटरव्यू में पश्चिम में रहने वालों की तुलना अरब, उत्तर भारत के लोगों की तुलना गोरों, दक्षिण भारत में रहने वालों की तुलना अफ्रीका और पूर्व में रहने वाले लोगों की तुलना चीन में रहने वाले लोगों से की थी। बयान ने तूल पकड़ा तो तुरंत पित्रोदा को इस्तीफा देना पड़ा। अब पित्रोदा के बयान पर रॉबर्ट वाड्रा की प्रतिक्रिया सामने आई है और उन्होंने पित्रोदा के बयान को बकवास करार दिया है। वाड्रा ने कहा, जब आप इस परिवार (गांधी) से जुड़े जाते हैं, तो बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, आपको कोई भी कदम उठाने से पहले सोचना पड़ता है। सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मिस्टर सैम पित्रोदा ने जो भी बकवास की है..बकवास ही की है, कोई आदमी जो इतना पढ़ा लिखा है वो कैसे ऐसा बोल सकता है। वो राजीव जी के बहुत करीबी थे.. वाड्रा ने आगे कहा,अगर आपको इस परिवार के साथ जुड़ने का मौका मिला है तो आपको फिर समझदारी से कदम लेने चाहिए. समझदारी होने चाहिए। राहुल प्रियंका और कांग्रेस इतनी मेहनत कर रहे हैं और आपके एक बयान से बीजेपी को अनावश्यक मुद्दे उठाने का मौका मिल गया... खुद का उदाहरण देते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, मैं राजनीति में ही हूं, क्योंकि हर आदमी मुझे राजनीतिक तरीके से ही देखता है। हमेशा देखता है कि जो सवाल-जवाब होगें वो राहुल गांधी से संबंधित होते हैं।

## सिख पांच बच्चे पैदा करें, चार हमें दे दें, दमदमी टकसाल के बयान पर बवाल, महिला आयोग ने कहा- महिलाएं कोई मशीन नहीं

**अमृतसर।** दमदमी टकसाल के प्रमुख सेवादार भाई हरनाम सिंह खालसा के उस बयान पर बवाल मच गया है, जिसमें उन्होंने प्रत्येक सिख को कम से कम पांच बच्चे पैदा करने को कहा है। पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल ने इस बयान का गंभीर नोटिस लेते हुए दो टूक कहा है कि महिला कोई बच्चे पैदा करने वाली मशीन नहीं है जो पांच-पांच बच्चे पैदा करें। खालसा ने कहा है कि प्रत्येक सिख परिवार कम से कम पांच बच्चे पैदा करें, परिवार उनका पालन करने में असमर्थ



होगा तो उक्त परिवार एक बच्चा अपने पास रख ले और शेष चार बच्चे उन्हें सौंप दें, वे उनका पालन पोषण करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों की संख्या अधिक होने से पारिवारिक मूल्यों को बचाने में सहायता मिलेगी और समाज मजबूत होगा। बता दें कि दमदमी टकसाल एक सिख संगठन है। इस संगठन का प्रमुख जरनैल सिंह भिंडरावाले भी रह चुका है।

तारीख 6 जून 1984 में स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान भिंडरावाले अभियान में मारा गया था। इस अभियान में स्वर्ण मंदिर को भारी नुकसान हुआ। यही कारण था कि बाद में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उन्हीं के अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दी गई थी।

## उपेंद्र कुशवाहा इधर प्रचार में थे व्यस्त, लालू यादव ने कर दिया खेला, चुनाव के बीच बड़ा झटका



**सासाराम (रोहतास)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमा) के प्रदेश उपाध्यक्ष व लोजपा के पूर्व प्रत्याशी शिवशंकर सिंह कुशवाहा ने अपने कार्यकर्ताओ के साथ राजद की सदस्यता प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की उपस्थिति में ग्रहण किया। शिवशंकर कुशवाहा ने बताया की राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की नीति तथा तेजस्वी के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर वे राजद में शामिल हुए हैं। उन्होंने उपेंद्र कुशवाहा पर कई आरोप लगाए और कहा कि वे अपनी राजनीतिक लाभ के लिए समाज के किसी भी नेता को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहते हैं। कहा कि वे शुरू से ही वे महिलाओं और पिछड़ों के सम्मान की लड़ाई लड़ते रहे हैं। उपेंद्र कुशवाहा एनडीए की तरफ से काराकाट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## चंदौली में बड़ा हादसा, सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस का रिसाव, चपेट में आने से चार लोगों मौत



**चंदौली, 09 मई [एजेंसी]।**

मुगलसराय के लाठ नंबर दो स्थित एक मकान में बुधवार की रात सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आकर तीन सफाईकर्मी टैंक में गिर गए। इस दौरान मजदूरों को बचाने के चक्कर में भवन स्वामी का पुत्र भी टैंक में गिर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने चारों को बाहर निकाला। इसके बाद तीन को जिला चिकित्सालय और एक को ट्रामा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के लाठ नंबर दो निवासी भरतलाल जायसवाल के घर पर बुधवार की रात लगभग 12 बजे कालीमहाल निवासी सफाईकर्मी विनोद रावत, कुंदन व लोहा सेप्टिक टैंक के सफाई का कार्य कर रहे थे। लोगों के अनुसार टैंक लगभग 12 फुट गहरा था। तीनों सफाईकर्मी आधा टैंक साफ कर चुके थे। इस दौरान तीनों मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आकर एक-एक करके टैंक में गिर गए। सफाईकर्मियों को टैंक में गिरता देख भवन स्वामी का पुत्र अंकुर जायसवाल उन्हें बचाने में जुट गया।

इस दौरान अंकुर भी टैंक में गिर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने किसी प्रकार चारों को टैंक से बाहर निकला। इसके बाद एक को ट्रामा सेंटर और तीन लोगों को जिला चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई। घटना से मर्माहत कालिमहाल सभासद प्रतिनिधि नितिन गुप्ता ने सफाईकर्मियों को मुआवजा दिए जाने की मांग जिला प्रशासन से की हैं।

## पाइप से लदे ट्रक से 8 करोड़ की नकदी बरामद, फटी रह गई अफसरों की आंखें

**अमरावती।** देश में लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। अब 13 मई को चौथे चरण के तहत मतदान होना है। वहीं, आंध्र प्रदेश में 13 मई को ही विधानसभा चुनावों के लिए भी मतदान होना है। इस बीच चुनाव आयोग के साथ-साथ पुलिस-प्रशासन भी सख्ती से जांच कर रहा है। इस बीच आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने यहां चेकिंग के दौरान पाइप से लदे ट्रक से करीब 8 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस ने ट्रक और पैसों को जब्त करने के साथ-साथ उसमें सवार दो लोगों को भी हिरासत में ले लिया है।

नोटों का जखीरा एनटीआर जिले में गरिकापाडु चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि पैसे पाइप से लदे एक ट्रक में अलग केबिन के अंदर रखे गए थे। जग्गैयापेट के सर्किल इंस्पेक्टर चंद्र शेखर ने घटना की पुष्टि की है। इस रकम को हैदराबाद से गुंटूर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि वह इस राशि को जिला जांच टीमों को सौंप देंगे और आगे की कार्रवाई चुनाव आयोग के अधिकारी और फ्लाइंग स्क्वाड की टीम करेगी।

## ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई, रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के 30 से अधिक ठिकानों पर मारा छापा



**रायपुर, 09 मई [एजेंसी]।**

महादेव सट्टा मामले में ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू की टीम गुरुवार सुबह छत्तीसगढ़ के अलग-अलग ठिकानों पर छापे मार रही। खबरों के अनुसार प्रदेश भर में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, कांकेर, राजनांदगांव में ईओडब्ल्यू की एक साथ छापे की कार्रवाई चल रही है। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बल भी कार्रवाई में मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि 2 दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है। 6 से 7 लोगों की एक टीम बनाई गई है, जिसमें डीएसपी रैंक के अधिकारी भी हैं। EOW की टीम में टाइपराइटर्स भी हैं। दरअसल, पिछले दिनों महादेव सट्टा ऐप के आरोपियों को रिमांड में लेकर EOW के अधिकारियों ने पूछताछ की थी। इस दौरान जो नाम सामने आए थे उनके घरों और ठिकानों पर छापेमारी की गई है। वहीं महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्ल्यू की टीम भिलाई के सहेली ज्वेलर्स और अलंकार ज्वेलर्स के संचालकों के घर पर पहुंची है। सुबह से ही यह जांच जारी है। बताया जा रहा है कि महादेव सट्टा एप मामले में गिरफ्तार एएसआई चंद्रभूषण वर्मा और बर्खास्त सिपाही भीम सिंह यादव से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार ईओडब्ल्यू टीम जांच के लिए पहुंची है।

## तेज प्रताप के ससुर ने अब लालू की बेटी के खिलाफ खोला मोर्चा ऐसे ले रहें अपमान का बदला,रिश्ते में और बढ़ेगी खटास

**परसा, 09 मई [एजेंसी]।**



लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी को जीताने के लिए परसा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर स्थित पूर्व मंत्री चंद्रिका राय के आवास पर परसा विधान सभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। सांसद राजीव प्रताप रुडी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर तंज कसते हुए कहा कि लालूजी परिवारवाद में डूबे है। इन्हें देश के और लोगो की चिंता नहीं है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे देश के विकास की चिंता रहती है। आज देश उनके नेतृत्व में विश्व में अग्रसर है।

उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री के हाथो को मजबूत करने के लिए सारण से राजीव प्रताप रुड़ी को अपना मत देकर जीत सुनिश्चित कराने की अपील की। वही जदयू के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ने भी भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी को बड़े अंतर से जीत दिलाने की अपील की।

## बलूचिस्तान के ग्वादर में आतंकियों ने की अंधाधुंध गोलीबारी, सात मजदूरों की मौत

**ग्वादर।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान के ग्वादर में आतंकी हमले में सात मजदूर मारे गए। यह आतंकी हमला ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास कुछ इमारत पर हुआ। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकियों ने रात में सो रहे मजदूरों पर गोलियां चलाई जिसकी वजह से सात बेगुनाहों की मौत हो गई। कुछ दिनों पहले ग्वादर बंदरगाह पर आतंकी हमला हुआ था। बंदूकों और विस्फोटकों से लैस अज्ञात हमलावर अचानक से पाकिस्तान में ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी (जीपीए) परिसर घुस गए और फिर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हमलावर पोर्ट के अंदर स्थित इमारत में घुस गए। पुलिस और सुरक्षा बलों ने आठ सशस्त्र हमलावरों को मार गिराया है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## सामूहिक छुट्टी पर गए स्टाफ पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की सख्त कार्रवाई, 25 कर्मचारी निष्कासित



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइंस ने सामूहिक छुट्टी पर गए कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है और 25 कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया है। एयरलाइंस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जिन कर्मचारियों को निष्कासित किया गया है, वो ड्यूटी पर नहीं पहुंचे थे और साथ ही उनका व्यवहार भी ठीक नहीं था। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में कर्मचारियों को सामूहिक छुट्टी लेने से एयर इंडिया एक्सप्रेस की कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं थी। इसके चलते हवाई यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। कर्मचारियों के साथ जारी तनाव के बीच कंपनी थोड़ी देर में बयान जारी करेगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रु ने कथित कुप्रबंधन के विरोध में सामूहिक छुट्टी ले ली। 200 से ज्यादा कर्मचारियों के एकसाथ छुट्टी लेने से कंपनी की उड़ानों के परिचालन पर गंभीर असर पड़ा और कंपनी को 100 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ीं। इसके चलते हवाई यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

एयर इंडिया एक्सप्रेस का परिचालन लगभग ठप होने से करीब 15 हजार यात्री प्रभावित हुए। एयर इंडिया एक्सप्रेस खाड़ी के देशों में सबसे ज्यादा उड़ानों का संचालन करती है। ऐसे में केबिन क्रू की कमी के चलते भारत से खाड़ी के देशों को जाने वाली कई उड़ानें रद्द हुईं। एयर इंडिया एक्सप्रेस घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजाना करीब 360 उड़ानों का संचालन करती है।

# 70 एकड क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट में विकसित करने काम करेगा वन विभाग

कोरबा। हाथियों का मन पसंद चारा कोमल बांस हैं। इसकी समृद्धि के लिए वन विभाग ने सीमांकन कार्य शुरू कर दिया है। बिगड़े बांस के वन को सुधारने के लिए के लिए आरडीबीएफ (रिहैब्लिटेशन आफ डिग्रेटेड बंबू फारेस्ट) योजना के तहत अकेले बालको वन परिक्षेत्र में 70 एकड़ वन परिक्षेत्र को चिन्हांकित किया गया है। जहां पौधों का अस्तित्व खत्म हो गया है वहां नए पौधे रोपे जाएंग। जिन स्थलों पौधों की संख्या कम है वहां रोपणी को विस्तार देने के लिए मिट्टी की घेराबंदी की जाएगी। कोरबा व कटघोरा वन मंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में विगत दस वर्षों के अंतगराल में हाथियों की संख्या सात से बढ़कर अस्सी हो चुकी है। लगातार बढ़ रही हाथी की संख्या वन क्षेत्र के आसपास उत्पात भी बढ़ दिया है। जाहिर सी बात है संख्या बढ़ने चारा की आवश्यकता बढ़ गई है। इसी समस्या को दूर करने की दिशा में कंटीले बांस के वनों को फिर से समृद्ध करने की दिशा में कोरबा वन मंडल ने काम शुरू कर दिया है। तीन चरण में होने वाले कार्य के लिए अकेले बालको वन परिक्षेत्र में आठ लाख रूपए खर्च किया जाएगा। प्रथम चरण में ऐसे स्थलों को चिन्हांकन किया जा रहा है जहां बांस बहुतायत मात्रा में पाए जाते हैं। दूसरे चरण बांस के रोपणी के चारों ओर गड्ढा किया जाएगा ताकि वर्षा जल का ठहराव हो। इस प्रक्रिया से बांस पौधों की की जड़ें मजबूत होगी। तीसर चरण में जिन स्थनों में नई रोपणी की जरूरत होगी वहां वर्षा के दौरान बांस के नए पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए उन स्थानों को चिन्हांकित किया रहा जहां वर्ष भर पानी हो। वन क्षेत्रों में जिस तादाद में लकड़ियों लिए पेड़ों की कटाई की गई है उस अनुपात में रोपणी नहीं की गइ है। यही वजह है कि चारा की कमी के कारण जंगल को छोड़ हाथी रहवासी क्षेत्र की ओर रूख कर रहे हैं। बांस का संरक्षण से हाथियों का चारा समृद्ध होगा। डेढ़ माह बाद मानसून का दौर शुरू हो जाएगा। इस के पहले ही प्रथम चरण व दूसरे चरण की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। चारा और पानी पर्याप्त जंगल में मिलेगा तो हाथी गांव की ओर रूख नहीं करेंगे। हाथी मानव द्वंद्व जिले में सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। इस पर अंकुश लगाने वन विभाग की ओर से कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। रूकेगा मिट्टी का कटाव जंगल में मिट्टी के कटाव को रोकने लिए पौधो की तुलना में बांस अधिक कारगर हैं।

साल, चार, कोसम, महुआ जैसे पेड़ों को तैयार होने में दस से बारह वर्ष का समय लग जाता है। वहीं कटीली बांस साल भर में तैयार हो जाता है। ऊंचाई कम होने के कारण हाथी इसे आसानी अपना चारा बना सकते है। साल, गुंजा की छाल की तुलना में कंटीली बांस की झाड़ियां हाथियों के लिए बेहतर चारा है। कंटीली बांस न केवल हाथी बल्कि इसकी कोपलें यानी करील को भालू के खाने के काम आता है।

ग्रामीणों के लिए बढ़ेगा रोजगार का अवसर बांस की विविध कारीगरी वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों के लिए रोजगार का साधन है। पोंगा बांस की तुलना में कटीही बांस से अनाज रखने पात्र, सूपा, मोरवा, ठठरा, गोलर आदि बनाने का काम आता है। बांस शिल्प की कारीगरी के वन विभाग की ओर वनवासियों को सजावट के सामान बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। शहरी क्षेत्र के सीतामढ़ी में बसे बंसोड़ जन जाति के लोगों के लिए कच्चे बांस की आपूर्ति भी हर मौसम में सुलभ होगी।

**हाथियों की बनी हुई है सक्रियता**

89 हाथियों का दल कर रहा विचरण बताना होगा कि इन दिनों जिले के कोरबा व कटघोरा वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है। कोरबा वन मंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में 40 हाथियों का दल इन दिनों दो दलों में विभाजित होकर घूम रहा है।दूसरी ओर कोरबा वन मंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम कांपानवा पारा में 49 हाथियों का दल पिछले दो माह से घूम रहे हैं। क्षेत्र मे जल संवर्धन और पर्याप्त मात्रा में चारा होने के कारण हाथी एक ही स्थान पर लंबे समय तक टिक गए हैं। कंटीली बांस का संरक्षण भी हाथियों को एक ही स्थान में लंबे समय तक रोकने में कारगर होगी।

**औषधीय प्रजाति के पौधों का भी होगा संरक्षण**

विभागीय अधिकारियों की माने तो जिस स्थान में बांस के पौधे पनपते हैं वहां औषधीय प्रजाति के पौधे कालमेघ, दहीमन, बहेड़ा, कुटकी आदि के पौधे बहुतायत मात्रा में पाए जाते हैं।

जंगल में पाए जाने वाले इन पौधों के फल व पत्ते झड़ने के बाद बेहतर खाद में परिवर्तित होकर अन्य वन्य पौधो के संवर्धन के लिए कारगर होते हैं। बांस पौधे के संरक्षण से औषधीय प्रजाति के पौधों को भी संरक्षण मिलेगा। वनोपज संग्रहण से जुड़े वनवासी समुदाय औषधीय उत्पाद की बिक्री से समृद्ध होंगे।

## चुनाव संपन्न कराने वाले कर्मचारियों के प्रति लायंस क्लब ने दिखाए समाजिक सरोकार



कोरबा। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल द्वारा संचालित लायंस क्लब कोरबा ने नगर पालिक निगम कोरबा के तत्वावधान में 7 मई को आईटी कॉलेज परिसर में लोकसभा निर्वाचन 2024 के वोटिंग पश्चात वोटिंग मशीन जमा करने आये सभी व्यक्तियों एवं उपस्थित कर्मचारियों के लिए शुद्ध शीतल पेयजल, चाय व बिस्किट की व्यवस्था किया। शाम 7 से लेकर सुबह 4 बजे तक चले इस कार्यक्रम में लगभग 4000 से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हुए। निगम आयुक्त ने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया व कार्य की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में सत्येन्द्र वासन, रोहित राजवाड़े, रविशंकर सिंह, दीपक माखीजा, दीपक अग्रवाल, संतोष खरे एवं अन्य लायन सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

### आंधी तुफान के कारण मौत

कोरबा। कोरबा में मंगलवार की शाम आए तेज आंधी-तुफान के कारण एक युवक की मौत हो गई। मामला पसान थाना क्षेत्र का है जहां आंधी के कारण सड़क पर गिरे पेड़ से बाइक सवार युवक टकरा गया और उसकी मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई कर रही है।कोरबा में सड़क हादसों के दौरान लोगों की मौत होने का दौर जारी है। पसान थाना क्षेत्र के धिनपुरी गांव में रहने वाला युवक सड़क दुर्घटना में मारा गया। मंगलवार की शाम आए आंधी-तुफान के कारण सड़क पर कई पेड़ टूटकर गिर गए थे।

मृत युवक अवधेश सिंह अपनी बाइक में सवार होकर कहीं जा रहा था,इसी दौरान वह पेड़ से टकरा गया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। डायल 112 की सहायता से अवधेश को पोड़ी-उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया,जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया,बावजूद इसके उसकी जान नहीं बच सकी।

## ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में हुई जमा, स्ट्रांग रूम की गई सील

### सुरक्षित लौटे मतदान दल, अलसुबह तक अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर रहे तैनात



कोरबा। लोकसभा निर्वाचन के लिए कोरबा संसदीय क्षेत्र में शामिल कोरबा जिले की चारों विधानसभाओं के सभी मतदान केंद्रों से मतदान दलों की सुरक्षित वापसी हो गई है। 06 मई को रवाना हुए सभी मतदान दल कल 07 मई देर रात तक आईटी कॉलेज पहुंचते रहे। मतदान दलों के आईटी कॉलेज पहुंचने के बाद ईवीएम मशीनों को जमा करने, विभिन्न प्रपत्रों एवं जानकारियों का मिलान करने के बाद सील बंद मशीनों को चारों विधानसभावार स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मशीनों एवं अन्य सामानों को जमा कराने में प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर श्री अजीत वसंत सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी अलसुबह तक आईटी कालेज में तैनात रहे। कटघोरा एवं पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम को भी कटघोरा के शासकीय मुकुटधर कॉलेज से आईटी कॉलेज कोरबा लाया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम में सभी मशीनों को रखकर स्ट्रांग रूम सील किया गया। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। अब यह स्ट्रांग रूम 04 जून को मतगणना के दिन ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में खोले जायेंगे। स्ट्रांग रूमों में रखी गई ईवीएम मशीनों की चाक-चौबंद सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। चारों स्ट्रांग रूम के बाहर परिसर पर फोकस किये हुए सीसीटीवी कैमरों से किसी भी गतिविधि पर बारीक नजर रखी जायेगी।

## बालको के प्रचालन संबंधी कार्यों में ट्रांसजेडर निभा रहे अपनी भूमिका, मिल रहा महत्व

कोरबा-बालको नगर/ बालको में फोर्कलिफ्ट ऑपरेटर के रूप में कार्यरत ट्रांसजेंडर कर्मचारी भवानी राठिया कहती हैं कि टीम प्रयास से ही एल्यूमिनियम उत्पादन होता और मुझे अपने सहयोगियों के साथ उत्पादन में योगदान करने पर गर्व है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में भवानी जैसी सशक्तिकरण की विभिन्न प्रेरक कहानियाँ हैं, जो समुदाय में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आशा की किरण के रूप में काम करती हैं।भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में 17 ट्रांसजेंडर कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से प्रत्येक अलगाव से पहचान की मजबूत भावना में परिवर्तन की अपनी यात्रा साझा करते हैं। वर्ष 2022 में 7 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को कार्यबल में शामिल कर कंपनी ने अपनी कार्य संस्कृति के समावेशिता को बढ़ावा दिया। कंपनी के इस प्रयास से समाज में उनके पहचान को मजबूती मिली। ये कर्मचारी फोर्कलिफ्ट संचालन, स्टोर प्रबंधन और सुरक्षा गार्डों के पदों पर अपनी भूमिकाएँ निभा रहे हैं तथा कंपनी के महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के तौर पर अपने पहचान को सशक्त किया है।दीपा को अपनी शुरुआती घबराहट अच्छी तरह याद है जब उन्होंने बालको में सुरक्षा कार्य में काम करना शुरू किया था। हालाँकि अब वो अपनी नौकरी पर गर्व करती है लेकिन चुनौतियों से निपटने और व्यक्तिगत एवं पेशेवर रूप से आगे बढ़ने में मदद करने के लिए वह अपने सहायक प्रबंधक को श्रेय देती है।फोर्कलिफ्ट गैराज की पर्यवेक्षक आकांक्षा सोनी ने बताया कि बालको सभी ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए एक अभिभावक रहा है। उन्होंने कहा कि कैसे नौकरी किसी व्यक्ति के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। बालको ने मेरे सपनों को उड़ान देने का कार्य किया है और मुझे मेरी क्षमता का एहसास करने में मदद की है। आज मेरा आत्मविश्वास मुझे फोर्कलिफ्ट गैरेज में एक पर्यवेक्षक के रूप में काम करने के लिए प्रेरित करता है। मैं उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) के उपयोग को बढ़ावा देकर सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करके संयंत्र की सुरक्षा में भी योगदान देती हूं।

कंपनी से मिले सम्मान एवं पहचान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आकांक्षा ने कहा कि पहले का उनका डर अब आत्मविश्वास में बदल गया है जो उन्हें समाज में सशक्त बनने में सहायक हुआ है। जेंडर रिफॉर्मेशन नीति के लाभ को लेकर उन्होंने बताया कि लिंग पुनर्मूल्यांकन सर्जरी की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में हमें वर्षों लग जाते थे। कंपनी के नीति से एलजीबीटीक्यू प्लस कर्मचारियों को 30 दिनों की सवैतनिक छुट्टी और मुआवजे का लाभ मिला है। कंपनी द्वारा लिंग पुनर्मूल्यांकन सर्जरी के लिए 2 लाख रुपये दिये जा रहे हैं।बालको में सुरक्षाकर्मी के तौर पर तैनात आयशा विश्वकर्मा ने पुरस्कार एवं सम्मानित कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए ने कहा कि कार्यस्थल पर मेरे प्रदर्शन को सराहना मिली है। संयंत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मेरे बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए सम्मानित किया गया। ऐसे सम्मान मुझे हर दिन बेहतर करने के लिए प्रेरित करती हैं।ट्रांसजेंडर वेलफेयर सोसाइटी की सदस्य और छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति की अध्यक्ष सुश्री विद्या राजपूत ने अपने साथियों के लिए एक उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित करने पर बालको की प्रतिबद्धता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के भीतर और समुदाय में विविधता को प्रोत्साहित करने के हमेशा तत्पर रहा है।कंपनी सुरक्षित और समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। बालको ने ट्रांसजेंडर समुदाय के समाज के हाशिये से औद्योगिक संगठन कार्यों से जोड़ने के लिए तीन-आयामी दृष्टिकोण अपनाया है। कंपनी अपने संयंत्र के भीतर विभिन्न उच्चस्तरीय मापदंड़ के आधार पर नियोजन प्रक्रिया को पूरा करती है। प्रचालन के लिए आवश्यक उचित कौशल प्रदर्शित करने वाले ट्रांसजेंडर पेशेवरों का मूल्यांकन और पहचान करते समय एक समावेशी नियुक्ति दृष्टिकोण अपनाती है। नियोजन के लिए प्रचालन कौशल, सॉफ्ट स्किल और व्यावसायिक ज्ञान पर केंद्रित व्यापक कौशल वृद्धि सुनिश्चित की जाती है जिससे एल्यूमिनियम उत्पादन में उनके उत्कृष्ट सहयोग की क्षमता को विकसित की जा सके।यह सुनिश्चित करते हुए कि सही प्रतिभा को सही स्थिति के साथ जोड़ा जाए, बालको समानता को बढ़ावा देने और लिंग के आधार पर संभावित असुविधा या पूर्वाग्रह को खत्म करने के लिए जेंडर सेंस्टाइजेशन सत्र और जेंडर न्यूट्रल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से एक समावेशी कार्यस्थल संस्कृति का निर्माण हुआ है जो योग्यता और सम्मान पर केंद्रित है। बालको में कर्मचारी खुद को सम्मानित, मूल्यवान और सशक्त महसूस करता है। मानव संसाधन में उत्कृष्ट योगदान के लिए कंपनी को सीआईआई नेशनल एचआर एक्सीलेंस अवॉर्ड-2023-24 से सम्मानित किया गया है।

## कोयला खदानों की गतिविधियों को जायजा लिया तकनीकी निदेशक ने



कोरबा। निदेशक तकनीकी (यो/परि) फ्रैंकलिन जयकुमार कल शाम को कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट के दौरे पर पहुंचे। खदान में उतरकर उन्होंने कैट पैच सहित खदान के विभिन्न हिस्सों में जाकर खनन गतिविधियों का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने इन-पिट कन्वेयर सिस्टम के संचालन का निरीक्षण भी किया। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजीव सिंह डीटी के साथ रहे।

## प्रदूषण ने दम निकाला कुसमुंडा मार्ग पर, लोग परेशान

### न सफाई हो रही है और न ही पानी का छिड़काव



कोरबा। सर्वमंगला चौक से कुसमुंडा के निर्माणाधीन फोरलेन मार्ग पर कोल डस्ट की मोटी परत जम गई है। वाहनों के दबाव से मार्ग पर धूल का गुबार उड़ रहा है। पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। वहीं अन्य वाहन चालकों के आंखों में धूल के कण जाने से वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके न तो सड़क सफाई हो रही है और न ही पानी का छिड़काव हो रहा है।

एसईसीएल प्रबंधन का ध्यान कोयला लदान पर है। इस कारण निर्माणाधीन कुसमुंडा मार्ग 24 घंटे कोयला लोड भारी वाहनों का दबाव रहता है। सड़क पर गाड़ियां तेज रफ्तार में दौड़ रही है। गाड़ियों को कोल डस्ट सड़क पर गिर रही है। वहीं हाल ही में मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर मिट्टी डाला गया है। इसे भी व्यवस्थित नहीं किया गया है। मिट्टी के धूल सड़क पर जम गई है। इस बीच भारी वाहनों के तेज रफ्तार में दौड़ने से धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इससे भारी वाहनों के पीछे आ रहे दोपहिया, ऑटो, चार पहिया, बस, सिटी बस सहित अन्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। सबसे अधिक दिक्कतें दोपहिया वाहनों को हो रही है। आंखों पर धूल के कण जाने से परेशानी हो रही है। चौक-चौराहे की जर्जर सड़क और धूल की वजह से कई बार चालक वाहन का नियंत्रण संभाल नहीं पाते। इस कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके एसईसीएल प्रबंधन न तो सड़क की सफाई पर ध्यान दे रहा है और न ही पानी छिड़काव पर गंभीरता दिखाई जा रही है। इसे लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

इस मार्ग से बरमपुर, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार सहित अन्य उप नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र से लोग देर रात तक आवाजाही करते हैं। दो दिन पहले ही सर्वमंगला चौक से कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर दो हादसे हुए। इस दौरान भारी वाहन चालकों को चोंटे आई है। इस तरह की आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। निर्माणाधीन सड़क मार्ग पर सर्वमंगला चौक, बरमपुर चौक और कुसमुंडा चौक के पास निर्मित सड़क और जर्जर सड़क की ऊंचाई अधिक है। इस कारण कई बार वाहनों के पहिए सड़क पर फंस रही है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। सर्वमंगला चौक से बरमपुर चौक तक लापरवाह चालक बीच सड़क पर भारी वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा कर रहे हैं। इससे कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इस तरह की सबसे अधिक समस्या शाम के बाद रहती है, लेकिन इन लापरवाह चालकों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**मार्ग पर नहीं है स्ट्रीट लाइट, हादसे का खतरा**

सर्वमंगला चौक से इमलीछापर मार्ग के निर्माणाधीन सड़क पर कहीं भी स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है। शाम होते ही मार्ग पर अंधेरा छा जाता है। इस बीच धूल के गुबार और अंधेरे के कारण वाहन चालकों को सड़क दिखाई नहीं पड़ती। आवाजाही के दौरान लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### ब्रम्ह वाटिका में परशुराम प्राकट्य उत्सव 10 को

कोरबा। सर्वब्राम्हण समाज कोरबा में अक्षय तृतीया पर आयोजन कर रहा है। भगवान नारायण के छठवें अवतार और सनातन धर्म के संवाहक ब्राम्हण कुलभूषण भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव वैशाख शुक्ल तृतीया की संध्या 5 बजे ब्रम्ह वाटिका, पंचमुखी हनुमान मंदिर परशुराम मार्ग पर होगा। समाज के द्वारा इस अवसर पर भगवान परशुराम के चित्र की पूजा अर्चना की जाएगी। ब्राम्हण समाज ने सर्व सम्बंधित को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

## 17,474 करोड़ का योगदान दिया एसईसीएल ने

कोरबा। देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनियों में शामिल एसईसीएल ने बीते वित्तीय वर्ष 23-24 में सरकारी कोष में रिकॉर्ड 17,474 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। वित्त-वर्ष 23-24 के कुल योगदान में विभिन्न करों के माध्यम से एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ के सरकारी कोष में लगभग 5,883 करोड़ रुपए जमा किए हैं।छत्तीसगढ़ के सरकारी खजाने में एसईसीएल के योगदान में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 4त्न (220 करोड़ रुपए) से अधिक की वृद्धि देखी गयी है।एसईसीएल द्वारा की जाने वाली कोयले की बिक्री पर केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न टैक्स लगाए जाते हैं जिनमें आयकर सहित रॉयल्टी, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ़), जीएसटी, आदि शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार के सरकारी खजाने में दिए गए कुल योगदान में रॉयल्टी के रूप में लगभग 2,843 करोड़ रुपए, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ़) को लगभग 874 करोड़, जीएसटी के रूप में 386 करोड़ रुपए, एवं अन्य करों के माध्यम से 1778 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।खनिज सम्पन्न छत्तीसगढ़ राज्य में काम करने विभिन्न सरकारी एवं निजी कंपनियों द्वारा सरकारी खजाने में किया जाने वाला योगदान राज्य की प्रमुख आय स्त्रोतों में से एक है और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न समाज कल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा आदि से जुड़ी अधोसंरचनाओं के विकास में यह योगदान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।बीते वित्तीय वर्ष में एसईसीएल द्वारा केंद्र सरकार के खजाने में 10,000 करोड़ से अधिक रुपए जमा किए गए जिसमें 7600 करोड़ से अधिक का जीएसटी भुगतान शामिल रहा। साथ ही विभिन्न करों के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार को लगभग 1472 करोड़ का भुगतान किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 23-24 में एसईसीएल का आयकर भुगतान भी लगभग दोगुना हुआ।

### मतदान दलों के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई मानदेय की राशि

कोरबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान कराने वाले मतदान दलों को मतदान के दूसरे दिन ही मानदेय का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने इस संबंध में पूर्व से ही निर्देशित किया था कि मतदान कराकर लौटने के पश्चात् मतदान दलों को मानदेय का भुगतान अगले दिन किया जाए। जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा द्वारा 07 मई को मतदान दल में शामिल रामपुर विधानसभा के 1106, कोरबा विधानसभा के 1028, पाली-तानाखार विधानसभा के 1219, कुल 3353 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 01, मतदान अधिकारी 02 और मतदान अधिकारी 03 के बैंक खाते में आज 08 मई को मानदेय की राशि हस्तांतरित कर दी गई है। कोरबा जिले के अधिकारी-कर्मचारी जिनकी ड्यूटी मरवाही विधानसभा क्षेत्र में लगी थी, उन मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई है। एक-दो दिन के भीतर इन मतदान दलों के खातों में राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। निर्वाचन कार्यालय से तत्काल मानदेय की राशि प्राप्त होने पर मतदान दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों ने खुशी जताई है।

## अक्षय तृतीया पर स्वास्थ्य शिविर मे लोगों को मिलेगा लाभ

कोरबा। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर पतंजलि आरोग्य केंद्र, शिवम मेडिकल मरवाही एवं लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंसक्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट अवेयरनेस ऑफ डायबिटीज के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत निशुल्क मधुमेह, ब्लड प्रेशर, जांच चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर दिनाँक 10 मई 2024 शुक्रवार को पतंजलि आरोग्य केंद्र, शिवम मेडिकल मरवाही में प्रात: 10 से 2 बजे तक आयोजित है।पतंजलि योगपीठ हरिद्वार उत्तराखण्ड से प्रशिक्षित छत्तीसगढ प्रांत के ख्यातिलब्ध चिकित्सक लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव, नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्रनारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे।अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर पतंजलि आरोग्य केंद्र, शिवम मेडिकल मरवाही एवं लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंसक्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट अवेयरनेस ऑफ डायबिटीज के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत निशुल्क मधुमेह, ब्लड प्रेशर, जांच चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन दिनाँक 10 मई 2024 शुक्रवार को पतंजलि आरोग्य केंद्र, शिवम मेडिकल मरवाही में प्रात: 10 से 2 बजे तक किया गया है। शिविर के विषय मे पतंजलि आरोग्य केंद्र, शिवम मेडिकल मरवाही के संचालक जोखुलाल गुप्ता ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार उत्तराखण्ड से प्रशिक्षित छत्तीसगढ प्रांत के ख्यातिलब्ध चिकित्सक, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्रनारायण शर्मा जो कि स्वयं हजारों रोगियों की चिकित्सा का प्रत्यक्ष प्रायोगिक 15 वर्षों से अधिक का चिकित्सकीय अनुभव रखते हैं अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे। शिविर मे मधुमेह रोगियों की रक्त शर्करा की जांच नि:शुल्क करने के साथ-साथ शुगर की परीक्षित औषधि भी निशुल्क दी जाएगी। साथ ही शिविर में आये मरीजों को स्वास्थ्य से संबंधित उपयोगी स्वास्थ्य पत्रिका भी निशुल्क प्रदान की जायेगी। पतंजलि आरोग्य केंद्र, शिवम मेडिकल मरवाही के संचालक जोखुलाल गुप्ता ने अंचलवासियों से अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आयोजित इस विशेष निशुल्क मधुमेह जांच, चिकित्सा,परामर्श एवं उपचार शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# पाईप लाईन बिछाने पेड़ों की कटाई से किसान हैरान





**बलौदा।** गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए किसानों के खेत को मनमाने ढंग से खोदा जा रहा है। वहीं छोटे-बड़े पेड़ों की भी कटाई की जा रही है जबकि इसकी सूचना संबंधित किसान को भी नहीं दी गई है। किस कंपनी द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। इसकी जानकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी नहीं है।बलौदा तहसील के नावापारा और आसपास के अन्य गांव रसोटा, पुरेना, नवगवां, बोकरामुड़ा से गैस सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसके लिए कई गांवों में खेतों की खोदाई कर दी गई है। वहीं पेड़ भी काटे जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार यह पाइप लाइन नागपुर और झारसुगुड़ा के बीच बिछाई जा रही है। कंपनी के अधिकारियों द्वारा किसानों को बिना मुआवजा दिये खेतो में कार्य शुरू कर दिया गया है । वहीं बिना अनुमति के किसानों के खेत के पेड़ों को जेसीबी से उखाड़ दिया जा रहा है । किसानों को पेड़ का मुआवजा की जानकारी भी नहीं दी जा रही है । पाइप लाइन के लिए किसानों की जमीन चिन्हित की गई है। पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी ने न तो शासन से अनुमति ली है और न ही किसानों को कोई मुआवजा दिया गया है। सीधे खेतों में खोदाई कर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इससे किसानों में आक्रोश है। किसानों का कहना है कि गैस पाइप लाइन बिछाने के बदले उन्हें जमीन का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है जबकि छग सरकार के नियमानुसार टावर लाइन या पाइप लाइन गुजरने पर उस जमीन के बाजार भाव से 10 से 20 फीसदी की राशि किसानों को बतौर क्षतिपूर्ति दी जानी है।

इसके बाद भी जमीन पर कब्जा किसानों का रहेगा। फसल नुकसान और पेड़ों की क्षतिपूर्ति अलग से दिए जाने का प्रविधान हैं। बलौदा ब्लाक के ग्राम नावापारा के किसान श्यामलाल पाटले को बिना मुआवजा दिए खेतो में जबरदस्ती कार्य शुरू कर दिया गया । मंगलवार को सुबह किसान के द्वारा मुआवजा की मांग करने के बाद उसे भरोसा दिया गया । जैसे ही किसान दोपहर में घर गया तो जेसीबी से उसके खेत के पेड़ों को उखाड़ दिया गया , वहीं खेत को बराबर कर दिया गया । किसान के द्वारा विरोध करने पर कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा पुलिसिया कार्रवाई की धमकी दी जा रही है। जिसके कारण किसानों में आक्रोश है। किसानों को बताया गया है कि जहां से पाइप लाइन गुजरेगी वहां 10 फीट गहरा और 4 फीट चौड़ा गड्ढ़ा खोदा जाएगा। यह कार्य किस कंपनी द्वारा किया जा रहा है इस संबंध में किसानों को भी कोई जानकारी नहीं है।

**दुर्घटना से नुकसान की आशंका**

जिस जगह से होकर पाइप लाइन गुजर रही है, वहां किसान तुरंत फसल नहीं ले पाएंगे। वहीं भविष्य में भी इस जगह का दूसरा उपयोग नहीं कर पाएंगे। क्योंकि गैस पाइप लाइन के आसपास रिहायसी मकान बनाना भी उचित नहीं है। ऐसे में किसान चिंतित है।

**नहीं होता डायवर्सन**

जिस जमीन से पाइप लाइन या जमीन के ऊपर से टावर लाइन गुजरा है। उस जमीन के दोनों ओर 9 मीटर तक डायवर्सन नहीं होता। ऐसे में किसान अपने खुद की जमीन को खेती के अलावा अन्य प्रयोजन के लिए डायवर्सन भी नहीं करा सकते। किसानों की कीमत जमीन अनुपयोगी हो रही है मगर इससे किसी को भी सरोकार नहीं है।

किस कंपनी द्वारा बिना अनुमति पेड़ों की कटाई और जमीन की खोदाई की जा रही है। इसकी जानकारी लेकर संबंधित कंपनी को नोटिस जारी किया जाएगा। उनके यहां पदस्थ होने से पहले स्वीकृति ली गई है या नहीं इसकी भी जानकारी ली जाएगी।

करूणा आहेर
तहसीलदार, बलौदा

# चोर को रंगे हाथों दबोचा नागरिकों ने

**अकलतरा।** नगर में वार्ड क्रमांक 8 शास्त्री चौक के पास कई दिनों से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले नाबालिग को मोहल्ले वासियों ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया मगर उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने से मोहल्लेवासियों में आक्रोश था। अंतः थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की मांग की।अकलतरा के वार्ड क्रमांक 8 सांई मंदिर के पास के घरों में लगातार नगदी एवं सामान की चोरी हो रही थी । लोगों को समझ नहीं आ रहा था कि कौन उनके घर में घुसकर पलक झपकते ही इस घटना को अंजाम दे रहा था । कुछ दिन पहले ही मोहल्लावासी दीपक भोजासिया के घर में रखी साइकिल की चोरी हुई थी।

यह साइकिल उसके यहां कार्यरत कर्मचारी सुमित कुमार यादव पिता संतोष यादव की थी । उसकी साइकिल की चोरी के बाद अन्य मोहल्ले के मुरली चंदवानी के घर से कमीज की जेब में रखे 15 सौ रूपए और पकी हुई मीट चोरों ने पार कर दिया। संजय अरोरा के निवास में ताला तोड़कर भीतर घुसकर चोरी का प्रयास किया गया । घरवालों को डराने के लिए चाकू निकाला गया जिससे वे डर गए और मगर मोहल्लेवासियों की आवाज सुनकर वे भाग गए। लगातार हो रही चोरी की घटना को देखते हुए कुछ लोगों ने अपने घर के पीछे सीसी कैमरा लगवाया। तो पता चला कि नाबालिग चोर द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। बुधवार की सुबह भी आज एक घर में चोरी हुई। लोगों ने सीसीटीवी में देखा कि चोर द्वारा टुल्लू पंप एवं घर के लोहे के समान को आंगन में एक बोरी में भरकर ले जाने के लिए रखा गया था। मोहल्लेवासी उस चोर का हुलिया पहचान गए थे। उसके रखे सामान को ले जाने के लिए उस नाबालिग चोर का इंतजार कर रहे थे ।

तभी वह नाबालिग घर से निकला तो मोहल्लेवासियों ने उसे पकड़ लिया और थाने लेजाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में उसने बताया कि पूर्व में भी यह नाबालिग व्यापारियों की दुकानों में अपनी मजबूरी का वास्ता देकर काम मांगता था और काम की आड़ में रेकी कर साथियों के साथ घर में चोरी करता था। ज्ञात हो कि ग्राम बरगवां ,कोटगढ़ के कई नाबालिग लड़के बोन फिक्स जैसे नशा सूंघने के आदी हैं। पैसे नहीं मिलने पर ये छोटी मोटी चोरियां करते हैं। ऐसे में ये कभी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

इनसे लोगों को जानमाल का खतरा बना हुआ है। जब मोहल्लेवासियों ने उसे पुलिस के सुपुर्द किया तो विवेचना अधिकारी अरुण सिंह द्वारा नाबालिग बच्चे से पूछताछ कर उसे छोड़ दिया और जिन्होंने सुपुर्द किया था उन्हें समय आने पर थाने में उपस्थित होने को कहा मगर कार्रवाई नहीं होने पर मोहल्लेवासी आक्रोशित हो गए और फिर उन्हों ने पुलिस से संपर्क किया तो थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। मोहल्लेवासियों ने मांग कि है कि कितने लोग इस तरह की चोरी में संलिप्त है इसकी जानकारी लेकर सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

**नशे के लिए कबाड़ बिनने का काम**

नाबालिग बच्चे बोन फिक्स व सुलेसन जैसा नशा सूंघते हैं। इसके लिए वे कबाड़ की चोरी करते हैं। इसके साथ ही वे अन्य चोरियां भी करने लगे हैं।


## कार और ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोरी सहित दो की मौत

**जांजगीर।** मंगलवार की देर शाम दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक घटना में 12 साल की बच्ची को कार के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना में ट्रैक्टर चालक ने एक युवक को कुचल दिया।

जांजगीर थाना क्षेत्र के ग्राम मड़वा के युवक राजा साहू(24) को एक ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे परिजन जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना ग्राम सुकली की है। मंगलवार की रात को वहां बारात आई थी। बारात निकली थी, उसी समय श्वेता लाठिया(12) को एक कार के चालक ने टक्कर मार दी। इससे बच्ची के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 12 मई से

**जांजगीर।** ग्राम जर्वे में अमित तिवारी के निवास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 12 मई से किया जाएगा। व्यास आचार्य पंडित किशोर शर्मा पिसौद वाले होंगे। कथा के शुभारंभ में गांव में कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक सुनाई जाएगी। 13 मई को नारद चरित्र, 14 मई को कपिल अवतार, शिव सती, ध्रुव चरित्र कथा, 15 मई को जड़भरत चरित्र, अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, की कथा सुनाई जाएगी।



# पौने दो साल पहले ही बालिका को वधू बनाने की कोशिश नाकाम

**सक्ती।** ग्राम पंचायत लिमतरा में एक किशोरी की शादी हो रही थी। बाल विवाह संबंधी सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की टीम बालिका के घर पहुंची। जहां उसके अंकसूची की जांच की गई जिसमें बालिका की उम्र 16 वर्ष 4 माह होना पाया गया। विवाह की सारी तैयारी पूरी हो गई थी। बारात भी आ गई थी। ऐसे में स्वजन को समझाईश देकर बाल विवाह रोका गया और बालिग होने पर विवाह करने कहा गया।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सूर्यकांत गुप्ता को 8 मई को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत लिमतरा में एक किशोरी की शादी हो रही है और आज ही बारात भी आने वाली है। जिस पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत लिमतरा में बालिका के घर टीम पहुंची । जब टीम वहां पहुंची तो बारात भी दरवाजे पर पहुंच गई थी।

टीम के सदस्यों ने बालिका के दस्तावेज की जांच की जिसमें बालिका की उम्र 16 वर्ष 4 माह होना पाया गया। किशोरी का विवाह बारगांव के युवक के साथ तय हुआ था। अधिकारी कर्मचारी ने बालिका एवं उसके माता -पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। साथ ही बालिग होने पर ही विवाह करने की समझाईश दी गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों की उपस्थिति मेंयुवक के माता - पिता की सहमति से बालिका का विवाह रोका गया है। टीम में परियोजना अधिकारी सक्ती श्याम कंवर , महिला पर्यवेक्षक लिमतरा पर्यवेक्षक रजगा, पर्यवेक्षक सक्ती ग्रामीण, पर्यवेक्षक बरपालीकला, आगनबाड़ी कार्यकर्ता लिमतरा शामिल थे।



**दो वर्षकी सजा एक लाख जुर्माने का प्रविधान**

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लडकी की उम्र 18 वर्ष तथा लडके की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता-पिता, विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदार, टेंट प्रभारी डीजे साउड, धुमाल प्रभारी, भोजन बनाने वाले रसोइया हलवाई, केटरिन प्रभारी, विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम के तहत दो वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा एक लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाने का प्रविधान है।



## लूटने के लिए ड्रामा, आरोपी जेल गए

**जांजगीर।** खुद को पुलिस कर्मी बताकर शराब दुकान के पास शराब लेने वालों की जांच करने व अधिक शराब पाए जाने पर उसके खिलाफ आपराधिक केस की धमकी देकर रुपए लूटने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली टीआई प्रवीण द्विवेदी के अनुसार ग्राम बिरगहनी के सरोज केंवट, विक्रम दास महंत और लच्छनपुर के पुरुषोत्तम साहू ने गैंग बनाई थी। तीनों जिले की विभिन्न शराब दुकानों के पास जाकर शराब खरीदने आए ग्राहकों की जांच करते थे। खुद को पुलिस बताकर ये तीनों उन लोगों को डराते भी थे। जांच के दौरान यदि किसी के पास अधिक शराब मिलती थी तो उसे आबकारी अधिनियम के तहत केस बनाने व जेल भेज देने की बात कह कर डराते थे।

बदले में ये तीनों युवक उस व्यक्ति से पैसा की मांग करते थे। 6 मई को भी इन तीनों युवकों ने जांजगीर की शराब भट्ठी के पास ऐसे ही लोगों को लूटना शुरू कर दिया था। एक व्यक्ति ने युवकों को पहचान लिया और इसकी सूचना कोतवाली थाना में दी। सूचना पर पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंची। शराब दुकान के पास तीनों युवक लोगों की जांच कर रहे थे। पुलिस तीनों को पकड़ कर थाना लाई तो आरोपी युवकों ने लोगों से पैसा लूटना स्वीकार किया।

## कबाड़ दुकान में आरपीएफ ने मारा छापा, फिश प्लेट, पेन्ड्रोल क्लिप जब्त एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** रेल सुरक्षा बल पोस्ट रायगढ़ की विशेष टीम ने सूचना पर एक कबाड़ दुकान में छापा मारकर दुकान की चेकिंग के दौरान एक बोरे में रेलवे का फिश प्लेट तथा पेन्ड्रोल क्लिप जब्त कर दुकान संचालक के विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



रेल सुरक्षा बल पोस्ट रायगढ़ प्रभारी निरीक्षक कुलदीप कुमार ने मीडिया को बताया कि पोस्ट की विशेष टीम जिसमे उप निरीक्षक अखिल सिंह एवं मातहत बल सदस्यों के साथ रेल सम्पत्ति के अवैध रिसीवरों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के दौरान रायगढ़-खरसिया मार्ग के ग्राम मौहापाली में स्थित धनसिंह पिता-हीरालाल निवासी ग्राम छतौना,थाना मालखरौदा जिला सक्ती के कबाड़ दुकान में छापा मारा ।दुकान में जांच के दौरान दुकान में रखे हुए एक प्लास्टिक की बोरी को खोलकर जांच करने पर उसके अन्दर रेलवे में उपयोग होने वाले 2 जुगल फिश प्लेट तथा 25 पेन्ड्रोल क्लिप पाया गया। मौके की कार्रवाई के उपरांत आरोपित धनसिंह व जब्त सामान को रेसुब पोस्ट रायगढ़ लाया गया। तत्पश्चात रेसुब पोस्ट रायगढ़ में आरोपित के विरूद्ध धारा-3(ए) आरपी(यूपी)एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया।

## आंगनबाड़ी केन्द्र के पास काफी नजदीक से केबल लटक रहा, हादसे का डर

**बाराद्वार।** बाराद्वार ग्राम भागोडीह में आंगनबाड़ी केन्द्र के पास मेन रोड में बिजली का तार सड़क के ऊपर ही लटक रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बिजली विभाग का यह तार कई सालों से यहां है, लेकिन पिछले वर्ष यहां सड़क का निर्माण कराया गया, जिसके कारण सड़क की ऊंचाई बढ़ गई, लेकिन बिजली के तारों को ऊपर नहीं कराया गया, जो अब ग्रामवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। इस मार्ग में रोजाना बड़े वाहनों का भी आना-जाना लगा रहता है। सड़क के बहुत करीब ही तरंगित तारों के इतने पास में ही लटकने के कारण अप्रिय घटना घटित हो सकती है। भागोडीह के सरपंच कलावती घासीराम सूर्यवंशी ने बाराद्वार के बिजली विभाग को ज्ञापन देकर सड़क के बीच लटक रहे बिजली तरंगित तारों को जल्द से जल्द ऊपर कराने की मांग की है। भागोडीह में आंगनबाड़ी केंद्र के पास मेन रोड में बिजली तार लटक रहा।

# नगर पंचायत अड़भार के कर्मी को ठग ने लगाई चपत, मामला दर्ज

**जांजगीर।** नगर पंचायत अड़भार के पीएम आवास योजना शाखा में देखरेख का काम करने वाले कर्मचारी के खाते से किसी ठग ने यूपीआई के माध्यम से अलग-अलग किस्तों में 4 लाख 14 हजार की ठगी कर ली। पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अड़भार के वार्ड नंबर 8 निवासी पुष्पेंद्र कुमार श्रीवास नगर पंचायत अड़भार में पीएम आवास की देखरेख करते हैं। उसकी तीन बेटियां हैं, उनकी पढ़ाई व अन्य खर्च के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अड़भार के अपने खाते में 4 लाख 15 हजार रुपए से कुछ अधिक रकम जमा करके रखी थी। 28 अप्रैल को किसी ने उसके एकाउंट से अलग-अलग किस्तों में 4 लाख 14 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। अब पुष्पेंद्र के खाते में केवल 1256 रुपए बचे हैं। उसने मालखरौदा थाना में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।



# सीएएफ और सीआरपीएफ के 60 जवान कर रहे ईवीएम की सुरक्षा

**जांजगीर- चांपा।** जांजगीर चांपा लोकसभा में मंगलवार को हुए तीसरे चरण के मतदान के बाद मतदान दल ईवीएम मशीनों के साथ देर रात तक लौटे जिसके चलते शासकीय पालिटेक्निक कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन को रखने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा । स्ट्रांग रूम में रातभर मतदान दल के पीठासीन अधिकारी व अन्य सहायक अधिकारी मतदान सामग्री को जमा करते रहे। स्ट्रांग रूम को प्रेक्षकों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील किया गया। अब सीधे चार जून की सुबह वोटों की गिनती के लिए स्ट्रांग रूम को खोले जाएंगे। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग की सुरक्षा में सीआरपीएफ और छग सशस्त्र बल के 60 जवानों की ड्यूटी लगाई गई हैं

मंगलवार को हुए मतदान के साथ ही प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद हो गए हैं। मतदान के बाद चुनाव आयोग व जिला प्रशासन ने स्ट्रांग रूम में रखी मशीनों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए छग सशस्त्र बल के 15 साथ केंद्रीय सुरक्षा बल के 46 जवानों को तैनात किया है। मतगणना चार जून को होगी तब तक ईवीएम मशीनों की सुरक्षा पर प्रशासन का पूरा फोकस रहेगा। जवान जिले के जांजगीर चांपा , अकलतरा, पामगढ़ विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम में 24 घंटे पहरा देंगे। स्ट्रांग रूम के बाहर विधानसभा का नाम व नंबर लिखा है।

इसके बाद बूथ - वार नंबर लिखे हैं। बूथ नंबर के हिसाब से ही ईवीएम को रखवाया गया है ताकि मतगणना में अफसरों को सुविधा हो और मशीन भी न बदले। कोई भी अवांछनीय व्यक्ति यहां घुस न सके इसलिए आयोग ने भवन के खिड़की व बालकनी तक को भी ईंट जुड़वाकर बंद कर दिया है। मतदान निपटने के बाद आयोग व जिला प्रशासन का फोकस अब स्ट्रांग रूम में मशीनों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पर है। वोटों की गिनती चार जून को होगी तब तक हर आने- जाने वाले संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।




**सीसीटीवी की निगरानी में स्ट्रांग रूम**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र के दरवाजे पर सुरक्षा के लिए जवान तैनात किए गए हैं। स्ट्रांग रूम में विधानसभावार अलग - अलग ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मानिटरिंग कक्ष बनाया गया है।

**परिणाम को लेकर शुरू हो गई है चर्चा**

चुनाव परिणाम आने में अभी लंबा समय है मगर मतदान के साथ ही जीत हार को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। तब तक के लिए नेता, जनता व अफसर सभी के बीच बेताबी बनी हुई है। हर किसी के बीच अब चुनावी परिणाम को लेकर चर्चा है। तीनों विधानसभा के लिए कई तरह की अटकलें भी लगाई जा रही है।

**चार जनू की सुबह खुलेगा स्ट्रांग रूम का सील**

किसी भी राजनीतिक पार्टी या अवांछित तत्वों का प्रवेश यहां प्रतिबंधित रहेगा। जो भी यहां आएंगे, उनके पहचान पत्र की पूरी जांच की जाएगी। चुनावी ड्यूटी में लगे लोगों को ही परिसर में जाने की अनुमति दी जाएगी। 4 जून को सुबह 7 बजे स्ट्रांग रूम का सील खुलेगा और 8 बजे से मतगणना शुरू होगी।

स्ट्रांग रूम में रखी मशीनों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल और छग सशस्त्र बल 60 जवानों को तैनात किया है। मतगणना चार जून को होगी। तब तक ईवीएम मशीनों की सुरक्षा पर पूरा फोकस रहेगा।

राजेंद्र कुमार जायसवाल
एएसपी, जांजगीर

## इवीएम स्ट्रांग रूम में सील, कड़ी सुरक्षा

**सक्ती।** जिले में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मंगलवार 7 मई को मतदान के पश्चात स्ट्रांग रूम नंदेलीभाठा में सभी मतपेटियों के आने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो, आब्जर्वर असिस्टेंट सोनू कुमार, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकडा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण सोम, एआरओ बालेश्वर राम, एआरओ के एस पैकरा, एआरओ रूपेंद्र पटेल, सहायक कोषालय अधिकारी माधुरी भारद्वाज, प्रवीण मिश्रा, दलबीर सिंह चंद्रा, रवि कुमार एवं राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बुधवार की सुबह स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मानिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। स्ट्रांग रूम को सील करने के बाद चाबियों को सुरक्षित रूप से रखने के लिए जिला कोषालय के अधिकारी के सुपुर्द किया गया है।

## प्रोत्साहन राशि वितरण में गड़बड़ी की आशंका, चिकित्सक को नोटिस



**बिलासपुर।** आयुष्मान भारत के संचालन में लगे कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया है। सिम्स में किए गए इस वितरण का सही हिसाब नहीं मिल रहा है। प्रारंभिक जांच के अनुसार किसी को ज्यादा तो किसी को कम राशि प्रोत्साहन के रूप में दिया गया है। यह राशि लाखों में आ रही है। इसमे अनियमितता बरते जाने की आशंका को देखते हुए ही सिम्स के आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डा़ चंद्रहास ध्रुव को डीन ने नोटिस थमा दिया और मामले में स्पष्टीकरण मांगते हुए वितरण का ब्योरा मांगा है। संतोषजनक जवाब व ब्योरा नहीं मिलने पर मामले को जांच के दायरे में लिया जाएगा।

जिला अंतर्गत सिम्स में आयुष्मान भारत से मरीजों का सबसे ज्यादा निश्शुल्क इलाज होता है। ऐसे में इलाज कराने के काम में लगे कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस प्रोत्साहन राशि की वितरण करने की जिम्मेदारी सिम्स के आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डा़ चंद्रहास ध्रुव की है। वे ही सिम्स में आयुष्मान भारत का काम संभालते हैं। वहीं यह बात सामने आई कि प्रोत्साहन राशि सही तरीके से नहीं दिया जा रहा है। किसी को कम तो किसी को ज्यादा राशि मिल रही है, यह राशि किस हिसाब से बांटी गई है, इसकी भी सही जानकारी सिम्स प्रबंधन को नहीं मिल पाई है। ऐसे में डीन डा़ केके सहारे ने गड़बड़ी का आशंका को दरकिनार न करते हुए नोडल अधिकारी डा चंद्रहास ध्रुव को नोटिस थमाया है। जवाब सही नहीं मिलने पर मामले में गड़बड़ी की आशंका को लेकर जांच टीम गठित की जाएगी। डीन ने साफ कर दिया है कि जवाब आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सिम्स भर्ती घोटाला 2013-14 में काफी गड़बड़ी हुई थी, कई अपात्र को पात्र की जगह नौकरी दे दी गई। वही इस घोटाले में यह बात सामने आई है कि सिम्स के कर्मचारी लखनलाल गड़पाले और पवन देव साहू ने उस दौरान अपनी-अपनी पत्नी को नौकरी दिलाने के लिए नियमों को ताक में रखा था और नौकरी दिलाने में कागजी तौर पर सहायता की थी। डीन डा़ केके सिहारे के सामने मामला आने और सहायता करने की पुष्टि होने के बाद डीन ने दो कर्मचारियों का दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दे दिए हैं।

## अनमोल वचन......

दुनिया उन्ही पर भरोसा करती है,
जिन्हें खुद पर भरोसा होता है!

# झूठ फैलाने का आरोप

*देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पूर्व तथा वर्तमान कुलपतियों समेत तकरीबन दो सौ शिक्षाविद् ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चिट्ठी लिखी है जिसमें उनके एक बयान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस खुली चिट्ठी में विश्वविद्यालय के प्रमुख पद की नियुक्ति प्रक्रिया पर कांग्रेस नेता पर झूठ फैलाने का आरोप है। राहुल के दावों को खारिज करते हुए उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया पारदर्शी है जिसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं। यह विवाद राहुल के आरोप के बाद पैदा हुआ। उनके अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्ति में हिन्दूवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्धता प्रमुख आधार है।*

*यह विवाद ऐसे वक्त पैदा हुआ है, जब लोक सभा के चुनाव चल रहे हैं। कहना गलत नहीं है कि कुलपतियों की नियुक्ति सत्ताधारी दलों के हितों पर ही केंद्रित रही है। कुलपति ही नहीं, शिक्षकों के चयन में भी वैचारिक झुकाव को प्राथमिकता दी जाती है। फिर भी शैक्षणिक संस्थानों के उच्च पदों पर बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि निजी राय को सार्वजनिक करने से बचें। मोदी सरकार के सत्ता में आने से पूर्व आरोप लगते थे कि वामपंथी विचारधारा वालों को तरजीह दी जाती है।*

*चुनाव के दरम्यान राजनीतिक दल और राजनेता एक-दूसरे पर कटाक्ष करने से नहीं चूकते। यह लोकतंत्र है, यहां सारा इख्तियार जनता जनार्दन के हाथ में होता है। बावजूद इसके समझदारी यही है कि सार्वजनिक रूप से कमर के नीचे वार करने से बचा जाए। जब तक हाथ में किसी तरह के साक्ष्य न हों, आरोप-प्रत्यारोप से बचने का प्रयास होना चाहिए। बीते हफ्ते ही एक नामी निजी विश्वविद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन मखौल बन गया। हमारे शिक्षण संस्थान अपना स्तर उठाने की बजाय बेतुके कारणों से चर्चा का केंद्र बन रहे हैं। यदि संस्थानों के शीर्ष पदाधिकारी अपने सम्मान की रक्षा के लिए उचित कदम नहीं उठाएंगे तो छात्रों के समक्ष बेहतरीन उदाहरण पेश करने में असफल कहलाएंगे परंतु अपवादस्वरूप इन आरोपों में तनिक भी सच्चाई है और इन उच्च और सम्मानित पदों के बंटवारे में पक्षपात हुआ है, तो यह नौजवानों को गलत संदेश देने वाला साबित हो सकता है। बेहतर होता कि शिक्षाविद विश्व की विश्वविद्यालय क्रम-सूची में आने के प्रयास करते नजर आते, नकि अपनी निष्ठा किसी दल विशेष या राजनेता में जताने की मशक्कत में एकजुट होते।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। माता-पिता आज अपने बच्चों के लिए समय निकालेंगे और उनके साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को समय से पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ [ ।लिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आप किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें, लोग आपका समर्थन करेंगे। आज आय वृद्धि के एकानेक स्रोत मिलेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन उमंग भरा रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करें। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं। रुके हुये कार्यों को नए सिरे से फिर कोशिश करें, आप अवश्य ही सफल होंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक सोचने से बचें, नहीं तो आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। साथ ही आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से जरूरी काम निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज परिवार में सुख-समृद्धि का माहौल रहेगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को पार्टी करेंगे। आज कार्य स्थल पर आप उत्साह के साथ काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे। लेखकों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी कविता या कहानी के लिये आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आप नया वाहन लेने का प्लान बना सकते है।

**तुला राशि-:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी। आप एक-दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लोग आज आपके स्वभाव की तारीफ करेंगे।

**धनु राशि-:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढेगा। आज आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आप किसी व्यक्ति को कोई काम करने के लिए साहस देंगे ऐसा करके आपको अच्छा फील होगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में कोई नया मोड़ आने वाला है यह आपके लिए बढ़िया साबित होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

**कुंभ राशि-:** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

**मीन राशि-:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपकी शाम खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज अच्छे काम के कारण लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी।

# मुंबई की छह लोकसभा सीटों पर क्या सत्तारुढ़ शिवसेना-भाजपा -एनसीपी के लिए इस बार फँस गया है मामला

**मुंबई में छह संसदीय क्षेत्रों में राजनीतिक लड़ाई का मैदान सज चुका है और दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप के तीर एक दूसरे पर चलाये जा रहे हैं। छह में से तीन सीटों पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना आमने सामने हैं तो बाकी की तीन सीटों में से दो पर भाजपा का मुकाबला कांग्रेस से होगा और एक सीट पर भगवा पार्टी शिवसेना (यूबीटी) से भिड़ेगी। मुंबई में छह निर्वाचन क्षेत्र हैं- मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व और मुंबई उत्तर-पश्चिम। मुंबई की छह सीटें महाराष्ट्र की उन 13 सीटों में से हैं जिन पर 20 मई को पांचवें और अंतिम चरण में मतदान होगा।**

दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई उत्तर-पश्चिम में दोनों शिव सेनाओं के बीच मुकाबला होगा, जबकि मुंबई उत्तर-पूर्व में भाजपा बनाम शिवसेना (यूबीटी) का आमना-सामना होगा। मुंबई दक्षिण में उद्धव ठाकरे के मौजूदा सांसद अरविंद सावंत शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की यामिनी जाधव से मुकाबला करेंगे। यामिनी जाधव मुंबई के बायकुला विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नेता अनिल देसाई का मुकाबला मुंबई दक्षिण-मध्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के राहुल शेवाले से है। हम आपको बता दें कि अनिल देसाई हाल तक राज्यसभा सदस्य थे, वहीं राहुल शेवाले मौजूदा लोकसभा सदस्य हैं। इसके अलावा, मुंबई उत्तर-पश्चिम में उद्धव ठाकरे खेमे के अमोल कीर्तिकर का मुकाबला सत्तारुढ़ शिवसेना के रवींद्र वायकर से होगा। रवींद्र वायकर पहले शिवसेना (यूबीटी) में थे, वह हाल ही में शिंदे खेमे में शामिल हुए हैं। वह वर्तमान में मुंबई में जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।इसके अलावा, कांग्रेस विधायक वर्षा गायकवाड़, जो पार्टी की मुंबई इकाई की अध्यक्ष भी हैं वह मुंबई उत्तर-मध्य में भाजपा द्वारा मैदान में उतारे गए प्रसिद्ध वकील उज्ज्वल निकम के खिलाफ लड़ रही हैं, जबकि केंद्रीय मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता पीयूष गोयल मुंबई उत्तर में कांग्रेस के भूषण पाटिल से मुकाबला करेंगे। हम आपको बता दें कि वर्षा गायकवाड़ जहां मुंबई में धारावी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, वहीं पीयूष गोयल राज्यसभा सदस्य हैं। इसके अलावा, मुंबई नॉर्थ-ईस्ट में भाजपा के मिहिर कोटेचा का मुकाबला शिवसेना यूबीटी के संजय दीना पाटिल से होगा। हम आपको बता दें कि मिहिर कोटेचा मुंबई के मुलुंड विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

हम आपको बता दें कि मुंबई उत्तर-मध्य से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद, वर्षा गायकवाड़ ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। इस दौरान उद्धव ने उन्हें अपना समर्थन देने का वादा किया और कहा कि उन्हें एक सांसद के रूप में दिल्ली भेजा जाएगा। यहां एक रोचक बात यह है कि यह पहली बार होगा कि ठाकरे किसी कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देंगे क्योंकि बांद्रा स्थित उनका आवास मुंबई उत्तर-मध्य निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गौरतलब है कि कांग्रेस और शिवसेना 2019 तक मुंबई में पारंपरिक रूप से राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। वैसे प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद, दोनों पार्टियां सत्ता में पद पाने के लिए कई मौकों पर रणनीतिक साझेदारी करती रही हैं खासकर मुंबई नगर निकाय में। 2019 में उद्धव ठाकरे के पाला बदलने के बाद से तो दोनों दलों के बीच अच्छी दोस्ती देखने को मिल रही है।

मुंबई में विभिन्न राजनीतिक दलों की जमीनी स्थिति की बात करें तो 2014 के बाद से कांग्रेस मुंबई की सभी लोकसभा सीटें हारी है जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में वह यहां की 36 में से केवल पांच सीटें ही जीत सकी थी। मुंबई दक्षिण के पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा के शिवसेना में चले जाने और मुंबई उत्तर-मध्य की पूर्व सांसद प्रिया दत्त के दोबारा चुनाव लड़ने से इंकार करने के कारण, कांग्रेस के पास मैदान में उतारने के लिए कोई उम्मीदवार नहीं था। पार्टी नेता संजय निरुपम वहां से लड़ना चाहते थे लेकिन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में समान सीट-बंटवारा करा पाने में असमर्थ रहे कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना के लिए उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था।

भाजपा ने सभी तीन मौजूदा सांसदों को बदल दिया है, जबकि शिंदे की शिवसेना ने केवल राहुल शेवाले (मुंबई दक्षिण-मध्य) को फिर से नामांकित किया है। मुंबई उत्तर-पश्चिम के चुनावों में अजीब स्थिति देखने को मिल रही है क्योंकि शिवसेना ने यहां से गजानन कीर्तिकर की जगह रवींद्र वायकर को उतारा है। खास बात यह है कि गजानन कीर्तिकर के बेटे अमोल कीर्तिकर को इस सीट से शिवसेना यूबीटी ने टिकट दिया है लेकिन गजानन कीर्तिकर का कहना है कि वह राजधर्म का पालन करते हुए अपने बेटे के खिलाफ चुनाव प्रचार करेंगे।

दूसरी ओर, हमने अपनी चुनाव यात्रा के दौरान महसूस किया कि ज़मीनी स्तर पर जो तस्वीर उभर रही है, उसके अनुसार, शिव सेना (यूबीटी) और कांग्रेस कैडर के बीच ज़मीनी स्तर पर अच्छी पकड़ हो गई है और इनके कार्यकर्ता मिल कर काम करते दिख रहे हैं लेकिन चुनाव प्रबंधन के मामले में यह भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति से पीछे हैं। महायुति में शामिल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी जिस तरह सधे हुए अंदाज में चुनाव प्रचार चला रहे हैं उसका असर हर जगह दिख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा भी मुंबई में रखवाई जा रही है जिससे चुनाव प्रचार की दशा और दिशा ही बदल जायेगी। इसके अलावा भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने मुंबई आकर बुद्धिजीवियों, प्रोफेशनल्स और समाज के विभिन्न वर्गों की अलग-अलग बैठकें कर उनको यह समझाना शुरू कर दिया है कि क्यों देश के लिए तीसरी बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व जरूरी है। हमने सभी संसदीय क्षेत्रों में लोगों से बात की। इस दौरान सभी ने एक बात कही कि आप जहां भी जाएंगे वहां निर्माण कार्य होते हुए पाएंगे। लोगों ने कहा कि मुंबई की जरूरतों को समझ कर जिस तरह यहां विकास की परियोजनाएं लाई गयी हैं उससे आने वाले समय में सबको बड़ा फायदा होगा इसलिए हम समझते हैं कि यह सरकार चलती रहनी चाहिए। महिलाओं से तो हमने जहां भी बात की वहां पर सभी ने मोदी मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिये।

देखा जाये तो 2024 के लोकसभा चुनाव महाराष्ट्र के लिए भी बड़े मायने रखते हैं क्योंकि 2019 में हुए राजनीतिक फेरबदल के बाद यह पहली बड़ी चुनावी परीक्षा होगी। लेकिन इस परीक्षा के दौरान जिस तरह हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का मुद्दा हावी है वह दर्शा रहा है कि सत्तारुढ़ गठबंधन एक बार फिर सभी सीटों पर विजय हासिल कर सकता है। वैसे तो महायुति और महा विकास अघाड़ी के बीच सीधी टक्कर होनी है लेकिन जिस तरह मुंबई उत्तर मध्य के चुनावी मैदान में एआईएमआईएम तथा यूपी स्थित राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल (आरयूसी) ने मुंबई उत्तर मध्य और मुंबई उत्तर पूर्व से मोहम्मद सिराज इकबाल शेख को भी मैदान में उतारा है उससे भाजपा विरोधी मतों का बंटवारा होना निश्चित है जिससे भगवा पार्टी की राह आसान हो जायेगी। हम आपको बता दें कि मुंबई को मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय जिले में विभाजित किया गया है। मुंबई दक्षिण और मुंबई दक्षिण-मध्य निर्वाचन क्षेत्र मुंबई शहर में हैं, जबकि बाकी निर्वाचन क्षेत्र मुंबई उपनगरीय क्षेत्रों में हैं। मुंबई शहर में 24 लाख से अधिक मतदाता हैं, जबकि उपनगरीय क्षेत्रों में 74 लाख मतदाता हैं।

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

**लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है।**

कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है? राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दर्शाता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं?भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है। इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है।

कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। नए भारत के 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद बने प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह एवं मन्दिर से कांग्रेस दूरी बनाये रखी है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय का भी विरोध किया है, जबकि अब वहां आतंकवाद खत्म होकर शांति, अमन एवं विकास की गंगा प्रवहमान है। जनता ही नहीं, कांग्रेस के नेता भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की इन विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को समझ रहे हैं और पार्टी से पलायन कर रहे हैं। मुगलों व अंग्रेजों की भाषा बोल रहे व हिंदू जनमानस व हिंदू संस्कृति के विरुद्ध जहर उगल रहे राहुल गांधी को पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में जनता क्या जबाव देती, यह भविष्य के गर्भ में हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



भाजपा समर्थकों ने नई दिल्ली के शास्त्री नगर में चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में जनसभा में भाग लिया।



चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच चांदनी चौक से बीजेपी उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल जनसभा में शामिल होने पहुंचे।



मुर्शिदाबाद में बहरामपुर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार यूसुफ पठान के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी।



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शाहजहाँपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी ज्योत्सना गोंड के समर्थन में शाहजहाँपुर में एक जनसभा के दौरान।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के वारंगल में लोकसभा चुनाव के लिए एक प्रचार रैली के लिए जाते समय लक्ष्मीपुरम गांव में एक बच्चे को गोद में लिए हुए हैं।

# सात राज्यों में दिल्ली पुलिस का ऑपरेशन, गोल्डी बराड़-लॉरेंस बिश्नोई के 10 शूटर दबोचे, गिरफ्तार होते ही बड़े अपराध टले



**नईदिल्ली, 09 मई [एजेंसी]।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पैन इंडिया कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ (आतंकवादी घोषित)-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के 10 शूटर को दबोच बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पकड़े गए बदमाशों में एक किशोर भी शामिल है। सेल ने सात राज्यों दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व बिहार में ऑपरेशन चला इन्हें गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से सात अत्याधुनिक पिस्टल, 31 कारतूस और 11 मोबाइल बरामद किए गए हैं। ये सभी फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सऐप व अन्य एन्क्रिप्टेड चैट प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। इनकी गिरफ्तारी से दिल्ली और अन्य राज्यों में सुपारी लेकर हत्या करने व अन्य जघन्य अपराधों को टाल दिया गया। डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा के अनुसार, एसीपी ललित मोहन नेगी, हृदय भूषण, इंस्पेक्टर शिव कुमार व सतीश राणा की टीम ने गोल्डी बराड़-लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट के दस गुर्गों को दबोचा। ये सभी दिल्ली व पड़ोसी राज्यों में हत्या व अन्य जघन्य अपराध को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे।सरगनाओं के निर्देश पर रंगदारी वसूलने का काम कर रहे थे। जिन 10 को दबोचा गया है उनमें दो दिल्ली, एक राजस्थान, एक मध्य प्रदेश, दो यूपी, दो पंजाब, एक हरियाणा और एक बिहार के हैं। गोदारा का कहना है कि कई गैंगस्टर भारत में अपने कनेक्शन और गुर्गों का फायदा उठाकर विदेशी ठिकानों से जबरन वसूली, हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। इसके अलावा कुछ कुख्यात अपराधी जेल की दीवारों से परे अपने संपर्कों के नेटवर्क का उपयोग करके, जेल में रहते हुए भी अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।इन गैंगस्टरों और उनकी आपराधिक गतिविधियों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर तकनीकी और मैन्युअल निगरानी के जरिये जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई और अमेरिका में छिपे गोल्डी बराड़ के इशारे पर काम करने वाले उनके शूटरों के बारे में पता लगाया गया। यह भी पता चला कि इन गैंगस्टरों ने हथियार भी खरीदे थे। उक्त सूचना पर मामला दर्ज कर सेल की कई टीमों विभिन्न राज्यों में भेजा गया।

# कर्नाटक सरकार ने अश्लील वीडियो मामले की सीबीआई से जांच की मांग ठुकराई

## 14 मई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे एचडी रेवन्ना



**बेंगलुरू, 09 मई [एजेंसी]।**

कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने जदएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की सीबीआई जांच की मांग ठुकरा दी है। सेक्स-स्कैंडल को लेकर गरमाई राजनीति के बीच उन्होंने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार की सीआईडी मामले की जांच करने में सक्षम है। प्रज्वल के चाचा और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की थी। परमेश्वर ने कहा कि कुमारस्वामी ने 100 से अधिक सवाल किए हैं। मैं उन सभी का उत्तर नहीं दे सकता। उन्होंने सीबीआई से जांच कराने की मांग की थी, जो हम नहीं कराएंगे। एसआईटी सक्षम है। मैंने कहा है कि हम उचित जांच कराएंगे। जांच की प्रगति के बारे में गृह मंत्री ने कहा कि प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना और उनके सहयोगी सतीश बबन्ना सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।इस बीच, जदएस विधायक एचडी रेवन्ना को एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सत्र अदालत के समक्ष उनकी जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। चार दिनों की पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद एचडी रेवन्ना को बुधवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनको एक महिला के अपहरण मामले में एसआईटी ने गिरफ्तार किया था।

जदएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने जी. परमेश्वर पर निशाना साधते हुए उनसे पूछा कि पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई क्यों नहीं की, जिसने कथित तौर पर कहा था कि प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े अश्लील वीडियो जारी किए जाएंगे। कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान पूछा, यह अब सार्वजनिक हो चुका है कि नवीन गौड़ा ने 21 अप्रैल की रात आठ बजे वाट्सऐप पर अगले कुछ सेकेंड में अश्लील वीडियो जारी करने की घोषणा की थी। मैं गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर से पूछना चाहता हूं। एसआईटी की क्या भूमिका है। कुमारस्वामी ने यह भी जानना चाहा कि अपहृत महिला को अभी तक अदालत में क्यों नहीं पेश किया गया है। कर्नाटक में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण से पहले प्रज्वल से जुड़े अश्लील वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुए। कांग्रेस सरकार ने 28 अप्रैल को मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया।

शिवकुमार कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना से कथित तौर पर संबद्ध आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने में जदएस नेता एचडी कुमारस्वामी का हाथ है। उन्हें ब्लैकमेलिंग में महारत हासिल है और वह कहानी के मुख्य पात्र, निर्देशक और निर्माता हैं। शिवकुमार उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की कुमारस्वामी की मांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे।कुमारस्वामी ने शिवकुमार को अश्लील वीडियो प्रसारित करने का मुख्य साजिशकर्ता करार दिया था।

# डेढ़ वर्ष के शिशु को दी गई मुफ्त 17.5 करोड़ रुपये की जीन थेरेपी कोलकाता के एनआरएस अस्पताल के प्रयास से मासूम को मिला जीवनदान



**कोलकाता, 09 मई [एजेंसी]।**

दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी स्पाइनल मस्कुलर एट्राफी (एसएमए) के इलाज के लिए पूर्वी भारत में अपनी तरह के पहले सरकारी अस्पताल ने एक बच्चे में पूरी तरह से मुफ्त 17.5 करोड़ रुपये की जीन थेरेपी का उपयोग किया है। एसएमए टाइप-दो से पीड़ित बच्चे को पिछले दिनों नीलरतन सरकार (एनआरएस) मेडिकल कालेज अस्पताल के प्रयासों से यह थेरेपी दी गई। फिलहाल वह डाक्टरों की निगरानी में है। हावड़ा के श्यामपुर के निवासी रंजीत पाल जो पेशे से सुनार हैं, उनका एक वर्ष और नौ महीने का पुत्र सौम्यजीत पाल इस दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी से पीड़ित है। रंजीत ने कहा कि जब उनका बेटा तीन महीने का था, तो उन्होंने और उनकी पत्नी ने देखा कि वह अपना पैर नहीं उठा पा रहा है। कई डाक्टरों को दिखाने के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। अंत में एनआरएस अस्पताल ले जाने के बाद एक महीने के भीतर पता चला कि उनका बेटा एसएमए टाइप दो से पीड़ित है। अस्पताल में न्यूरो-मेडिसिन की प्रोफेसर व चिकित्सक यशोधरा चौधरी, प्रिंसिपल पितबरन चक्रवर्ती, अस्पताल अधीक्षक इंदिरा दे व अन्य डाक्टरों के प्रयासों से इस जटिल बीमारी की चिकित्सा शुरू हुई। सौम्यजीत को विदेशी दवा कंपनी द्वारा शुरू किए गए अनुकंपा उपयोग कार्यक्रम के तहत 17.5 करोड़ की मुफ्त जीन थेरेपी दी गई। डाक्टरों का कहना है कि बौद्धिक विकास होने के बावजूद एसएमए पीड़ितों के चलने और बैठने की क्षमता कम हो जाती है। इसके लिए सर्वाइवल मोटर न्यूरान (एसएमएन) जीन में जन्मजात दोष जिम्मेदार है। हालांकि इस बीमारी का इलाज नहीं है, लेकिन यह थेरेपी सौम्यजीत की बीमारी को बढ़ने से रोकेगी। रंजीत ने कहा कि एनआरएस के माध्यम से उनका परिचय एसएमए रोगियों के संगठन क्योर एसएमए से हुआ। संस्था ने बच्चे के इलाज में कई तरह से सहयोग किया है।

# कुलगाम मुठभेड़ में तीसरा आतंकी ढेर, सेना को मिली बड़ी सफलता, यहां चल रहा सर्च ऑपरेशन

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में सोमवार रात से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबल ने एक और आतंकी को ढेर कर दिया। इससे मुठभेड़ में मरने में वाले आतंकियों की संख्या तीन हो गई है। फिलहाल मारे गए आतंकी पहचान नहीं हो पाई है। आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के स्वयंभू कमांडर बासित डार और अन्य आतंकी फहीम अहमद बाबा मारे गए थे। मुठभेड़ के दौरान ठिकाना बना मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया था। बासित 10 लाख का इनामी आतंकी था और वह टारगेट किलिंग की 18 वारदात में वांछित था।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को बासित डार और उसके दो साथियों के छिपे होने की सूचना मिली थी और उसके बाद से तलाशी अभियान चलाया गया।

आतंकियों की तरफ से फायरिंग बंद होने और उनका ठिकाना नष्ट होने के बाद सुरक्षाबल को दो आतंकियों के शव बरामद हुए थे।आतंकियों के क्षतिग्रस्त ठिकाने और उसके आसपास के घरों की घेराबंदी को जारी रखते हुए बुधवार सुबह से तलाशी शुरू की गई तो एक जगह छिपे आतंकियों ने फायर कर दिया।

# आकाश आनंद ही संभालेंगे मायावती की सियासी विरासत भतीजे पर कार्रवाई के पीछे मानी जा रही ये बसपा की रणनीति

**लखनऊ, 09 मई [एजेंसी]।**

बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को भले ही अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद से हटाने के साथ ही अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बनाने का निर्णय वापस लेने की बात कही है, लेकिन आकाश ही उनकी सियासी विरासत संभालेंगे। कहा जा रहा है कि चुनाव के दरमियान अचानक आकाश पर कार्रवाई के पीछे बसपा प्रमुख की खास रणनीति है। आकाश पर कार्रवाई कर मायावती ने जहां यह संदेश दिया है कि पार्टी के हित में वह 'परिवार वालों' को भी बख्शने वाली नहीं हैं। वहीं अब चुनाव में पार्टी का खराब प्रदर्शन रहने पर भी आकाश की छवि पर आंच नहीं आएगी। यही कहा जाएगा कि आकाश की रैलियां न रोकी जाती तो पार्टी और बेहतर करती। अंततः आकाश को वापस लाने की मांग के बाद मायावती फिर से आकाश को अहम दायित्व सौंप देंगी।दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव के बाद आकाश को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर (राष्ट्रीय समन्वयक) के पद का दायित्व सौंपने वाली मायावती ने इस लोकसभा चुनाव के पहले 10 दिसंबर को ही अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित किया था। इसके साथ ही आकाश की एकदम से सक्रियता दिखाई देने लगी और यही संदेश देने की कोशिश हुई कि अब युवा आकाश बसपा के अच्छे दिन लौटाएंगे, लेकिन अकेले ही लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने वाली बसपा राज्य की ज्यादातर सीटों पर मुख्य लड़ाई से ही बाहर दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि मायावती ने भले ही राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से एक-चौथाई यानी 20 पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं, लेकिन मुस्लिम समाज यही मान रहा है कि भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए बसपा प्रमुख विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में नहीं शामिल हुई हैं। ऐसे में बिरादरी का प्रत्याशी होने के बावजूद मुस्लिम अबकी भाजपा को हराने के लिए बसपा के बजाय विपक्षी गठबंधन में शामिल सपा-कांग्रेस के साथ ही खड़ा दिखाई दे रहा है। मुफ्त अनाज से लेकर आवास तक की मोदी-योगी सरकार की तमाम योजनाओं के जरिए भाजपा, वंचित समाज के वोट बैंक में पहले ही गहरी सेंध लगा चुकी है। यही कारण रहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा को सिर्फ एक सीट पर सफलता मिली। ऐसे में चर्चा है कि लोकसभा चुनाव में भी बसपा की एक दशक पहले जैसी स्थिति हो सकती है। विदित हो कि वर्ष 2014 के चुनाव में अकेले लड़ी बसपा शून्य पर सिमट गई थी।

# जीएसटी की वसूली के लिए केंद्र जबरदस्ती न करे सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कारोबारियों को धमकाया नहीं जाए

**नईदिल्ली, 09 मई [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने जीएसटी की वसूली के लिए कारोबारियों के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान धमकी और जोर-जबरदस्ती का इस्तेमाल नहीं करने का केंद्र सरकार को निर्देश देते हुए बुधवार को कहा कि उन्हें स्वेच्छा से बकाया चुकाने के लिए मनाया जाए। जस्टिस संजीव खन्ना, एमएम सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि जीएसटी कानून के तहत ऐसा कोई प्रविधान नहीं है, जो अधिकारियों को बकाया राशि के भुगतान के लिए बल के इस्तेमाल का अधिकार देता हो। शीर्ष अदालत की यह पीठ जीएसटी अधिनियम के विभिन्न प्रविधानों की जांच कर रही है।पीठ ने केंद्र सरकार की तरफ से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा, तलाशी और जब्ती के दौरान किसी भी व्यक्ति को कर देनदारी का भुगतान करने के लिए बाध्य करने की इस अधिनियम के तहत कोई शक्ति नहीं है। अपने विभाग से कहें कि भुगतान स्वेच्छा से किया जाना चाहिए और किसी भी बल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। आपको कथित अपराधी को सोचने-समझने, सलाह लेने और देनदारी पूरी करने के लिए तीन-चार दिन का समय देना होगा। यह स्वैच्छिक होना चाहिए और किसी भी तरह की धमकी या जबरिया कार्रवाई का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।एसवी राजू ने जीएसटी वसूली के दौरान अतीत में बल प्रयोग होने की आशंका को खारिज नहीं करते हुए कहा कि तलाशी और जब्ती के दौरान ज्यादातर भुगतान स्वैच्छिक ही हुए हैं। उन्होंने जीएसटी अधिनियम पर दिनभर चली सुनवाई में कहा कि वसूली के दोनों तरीकों की संभावना है, लेकिन ज्यादातर भुगतान स्वेच्छा से या वकील से परामर्श कर कुछ दिनों के बाद किए जाते हैं। हां, अतीत में कुछ उदाहरण हो सकते हैं लेकिन यह मानक नहीं है। इस पर पीठ ने कहा कि कई याचिकाकर्ताओं ने अधिकारियों पर तलाशी और जब्ती अभियान के दौरान धमकी और जबरदस्ती करने के आरोप लगाए हैं। पीठ ने कहा, हम जानते हैं कि किसी व्यक्ति की तलाशी और जब्ती के दौरान क्या होता है।

# चमड़ी व रंग के आधार पर देश को बांटने की साजिश रच रही कांग्रेस, नड्डा बोले- फूट डालो, राज करो की नीति पर चल रही पार्टी



**सुंदरनगर, 09 मई [एजेंसी]।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चमड़ी व रंग के आधार पर देश को विभाजित करने की योजना पर काम कर रही है। यह देश व जनता के लिए किसी भी सूरत में सही नहीं है। कांग्रेस के शहजादे जिस प्रकार से धर्म व जाति के नाम पर आरक्षण देने की बातें कर रहे हैं, उससे बेहद भयावह तस्वीर सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज भी फूट डालो, राज करो की नीति पर चल रही है। धर्म, जाति, क्षेत्रवाद, पहाड़ व मैदान के साथ वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति की जा रही है। नड्डा बिलासपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे थे।नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले देश की जनता यह मान चुकी थी कि अब उदासीनता की राजनीति में कुछ भी बदलने वाला नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की मेहनत से 10 वर्ष के कार्यकाल में दृष्टि, समर्पण और क्षमता के कारण आज देश विकसित भारत का संकल्प पूरा करने की ओर अग्रसर है। पीएम मोदी के ही नेतृत्व में भारत ने अर्थव्यवस्था में ब्रिटेन जैसे देश को पछाड़ा है। भारत आज किसी देश का पिछलग्गू नहीं अपितु आगे दौड़ने वाला देश है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और उसके आतंकी संगठनों पर हुई कड़ी कार्रवाई मोदी की क्षमता और नेतृत्व का ही परिणाम है। यह चुनाव मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का है। नड्डा ने कहा कि आईएनडीआईए घोटाला करने वालों का गठबंधन है। अब राहुल बाबा जरूरतमंदों के आरक्षण पर डाका डालने के लिए ललायित हैं लेकिन मोदी काल में भ्रष्टाचारी या तो जमानत पर हैं, या जेल में हैं। नड्डा ने कहा, हमें सिर्फ जीत ही नहीं चाहिए, अंतर भी बड़ा होना चाहिए। राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह आरक्षण को लेकर कार्य करते हैं। संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, लेकिन खुद उस किताब को पढ़ते नहीं हैं। अगर पढ़ते तो उन्हें पता होता कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रविधान नहीं हैं।

धर्म के आधार पर आरक्षण देकर कांग्रेस अखंड भारत को खंड-खंड करने का प्रयास कर रही है।भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने भारतीयों पर दिए बयान के लिए सैम पित्रोदा पर निशाना साधा है। उन्होंने पित्रोदा की तुलना पक्षी से की है।

अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टेटस में लिखा कि कांग्रेस के अंकल सैम ने कहा कि दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे दिखते हैं, पूर्व व उत्तर पूर्व के भारतीय चीनी जैसे दिखते हैं, गुजरात बेल्ट के लोग अरब जैसे दिखते हैं और उत्तर के लोग सफेद (अंग्रेज) लोगों जैसे दिखते हैं। मुझे आश्चर्य है कि अंकल सैम भारत के किस हिस्से से हैं क्योंकि वह एक इंसान की तुलना में एक पक्षी की तरह दिखते हैं। कंगना ने कहा कि देश के शहजादे राहुल गांधी के प्रिय सैम अंकल देशवासियों को गाली निकाल रहे हैं। कांग्रेस के ये कुछ ऐसे लोग हैं जो इटली के लोगों के साथ घूम-घूमकर इटालियन हो गए हैं।

# 10 हजार फलस्तीनी रफाह छोड़कर पहुंचे खान यूनिस अमेरिका ने रोकी इजरायल को सैन्य सामग्री की आपूर्ति



**यरूशलम, 09 मई [एजेंसी]।**

गाजा में युद्धविराम पर इजरायल और हमास के बीच अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। अमेरिका, मिस्त्र और कतर दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास में लगे हुए हैं। गाजा पट्टी में रफाह सहित कई इलाकों में इजरायली सेना के हमले जारी हैं और हमास के लड़ाके भी उसका जवाब दे रहे हैं।इस बीच, इजरायली सेना ने कहा है कि गाजा से लगने वाली केरेम शेलोम क्रासिंग को बुधवार को फिर से खोल दिया गया है। यह क्रासिंग रविवार को हमास के राकेट हमले के बाद बंद कर दी गई थी। इस हमले में इजरायल के चार सैनिक मारे गए थे। रफाह के नजदीक की इस क्रासिंग से विदेश से आने वाली राहत सामग्री गाजा पहुंचती है।

इजरायली सेना द्वारा रफाह पर हमले की तैयारी के बीच अमेरिका ने उसे शक्तिशाली बमों और अन्य घातक हथियारों की आपूर्ति रोक दी है।अमेरिका ने कहा है कि गाजा में युद्धविराम होने पर रफाह पर इजरायली हमले का खतरा खत्म हो जाएगा। युद्धविराम के मसले पर दोनों पक्षों ने असहमति खत्म करने के लिए बुधवार को काहिरा में फिर से वार्ता शुरू कर दी है। विदित हो कि इजरायली सेना के हजारों सैनिकों ने करीब 14 लाख बेघरों की रिहायश वाले रफाह को घेर रखा है और बड़ी संख्या में हमास व इस्लामिक जिहाद के लड़ाके भी मुकाबले के लिए वहां पर मोर्चा संभाले हुए हैं।रफाह की पूर्वी सीमा पर स्थित एयरपोर्ट के नजदीक दोनों पक्षों में लड़ाई शुरू होने की सूचना है। इजरायली हमलों में कई निर्दोष फलस्तीनी मारे गए हैं। इजरायल के फलस्तीनियों के रफाह छोड़ने के संदेश के बाद करीब दस हजार बेघरों ने अपने ठिकाने छोड़ दिए हैं और वे खान यूनिस के नजदीक बनाए गए टेंट शहर में पहुंच गए हैं।संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि रफाह पर इजरायली सैन्य कार्रवाई फलस्तीनियों के लिए आपदा से कम नहीं होगी, इसलिए इस कार्रवाई को हर संभव तरीके से रोका जाना चाहिए।

# ईवीएम वाली स्ट्रांग रूम में लगेंगे अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे, चुनाव आयोग ने कोर्ट से कहा- फुटेज देखने के लिए होगी समर्पित टीवी स्क्रीन

**चेन्नई, 09 मई [एजेंसी]।**

तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मद्रास हाई कोर्ट को सूचित किया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को उन स्ट्रांग रूम में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जहां 19 अप्रैल के चुनावों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम रखी गई हैं। न्यायमूर्ति ए.डी. जगदीश चंदीरा और न्यायमूर्ति आर. कलाईमथी की ग्रीष्मकालीन अवकाश पीठ के समक्ष भारत के चुनाव आयोग के स्थायी वकील निरंजन राजगोपालन पेश हुए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल के एजेंटों के लिए फुटेज देखने के लिए एक समर्पित लाइन और टीवी स्क्रीन होगी। वह डीएमएसके के एम.एल. रवि द्वारा दायर रिट याचिका का जवाब दे रहे थे। याचिकाकर्ता ने कहा कि स्ट्रांग रूम में कुछ सीसीटीवी कैमरों ने अचानक



काम करना बंद कर दिया था और इसमें गड़बड़ी हो सकती थी। हालांकि, चुनाव आयोग ने कहा कि अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे काम करना जारी रखेंगे, भले ही अन्य कैमरे खराब हो जाएं। नीलगिरी और तेनकासी निर्वाचन क्षेत्रों में खराब सीसीटीवी कैमरों की शिकायत सामने आने के बाद दो मई को अतिरिक्त कैमरे लगाने के निर्देश जारी किए गए।

# राज बब्बर और कुमारी सैलजा के लिए रैलियां-रोड शो करेंगे राहुल गांधी, चुनाव नजदीक आते ही दूर हुए गिले शिकवे

**चंडीगढ़, 09 मई [एजेंसी]।**



हरियाणा में सरकार के साथ खड़े तीन निर्दलीय विधायकों को तोड़ने से उत्साहित कांग्रेस ने अब लोकसभा के चुनावी रण में आक्रामक प्रचार अभियान की रणनीति बनाई है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य राष्ट्रीय नेताओं के दौरों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जो विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में धुआंधार जनसभाएं और रोड-शो करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का 14 व 15 मई को हरियाणा आने का कार्यक्रम बन रहा है। हालांकि अभी यह संभावित कार्यक्रम है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी 14 मई को गुरुग्राम के सोहना में प्रत्याशी राज बब्बर के लिए रैली को संबोधित कर सकते हैं।इसी तरह 15 मई को उनका सिरसा संसदीय क्षेत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के लिए रैली और रोड-शो करने का संभावित कार्यक्रम है। उनकी बहन प्रियंका गांधी के साथ ही राजस्थान के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट व हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के भी हरियाणा में आने के कार्यक्रम हैं।हरियाणा में लोकसभा की दस सीटों में से नौ पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार उतारे हुए हैं।


कुरुक्षेत्र सीट से आईएनडीआईए गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के डॉ. सुशील गुप्ता चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल गांधी के हरियाणा दौरे की पुष्टि करते हुए हरियाणा मामलों के प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि राहुल गांधी का हरियाणा आने का कार्यक्रम है, लेकिन अभी तारीख तय नहीं हुई है।खुद बाबरिया 11 मई को सोनीपत में पार्टी प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी और 12 मई को करनाल में प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा के लिए प्रचार करेंगे। इसके बाद वे 14 व 15 मई को अंबाला व कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में आईएनडीआईए गठबंधन प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। वे पार्टी नेताओं के साथ बैठकें भी करेंगे।चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस दिग्गजों में टिकट वितरण से पनपी नाराजगी भी दूर होती दिख रही है।

गुड़गांव में टिकट के दावेदार रहे पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव अब खुलकर पार्टी प्रत्याशी राज बब्बर के लिए प्रचार कर रहे हैं।इसी तरह भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट पर बेटी श्रुति चौधरी का टिकट कटने से लगे झटके को दरकिनार कर तोशाम की विधायक किरण चौधरी पार्टी प्रत्याशी राव दान सिंह के लिए वोट मांग रही हैं। स्वर्गीय बंसी लाल के परिवार के दान सिंह के साथ मजबूती से खड़ा होने के कारण यहां राजनीतिक समीकरण बदले हैं।पिछले साल राहुल गांधी ने हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान खूब सुर्खियां बटोरी थी। दो चरण में हुई यात्रा में सात जिले कवर करते हुए 255 किलोमीटर की दूरी नापी। भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण 21 दिसंबर 2022 को शुरू हुआ जो 24 दिसंबर को दिल्ली में खत्म हुई।तीन दिन में उन्होंने नूंह, फरीदाबाद और गुरुग्राम को कवर किया। इसके बाद छह से 11 जनवरी 2023 तक चले यात्रा के दूसरे चरण में वे पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और अंबाला गए। इस दौरान मतभेदों को भुलाकर हरियाणा कांग्रेस के तमाम दिग्गज राहुल की यात्रा में शामिल हुए थे।

# तीन लेयर में की जा रही है स्ट्रांग रूम की सुरक्षा

## 24 घंटे कड़ी निगरानी कर रही है पुलिस

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की तैयारियों के प्रतिफल के रूप में लोकसभा निर्वाचन 2024 का तृतीय चरण जिला कोरिया में दिनांक 07 मई 2024 को बिना किसी विशेष बाधा के सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मंगलवार की देर रात तक मतदान दलों द्वारा मतपेटी को शासकीय रामानुज हायर सेकेण्डरी स्कूल (स्ट्रांग रूम) में पीठसीन अधिकारी एवं उनके दल द्वारा सुरक्षित जमा किया गया है। बैकुंठपुर एवं सोनहत क्षेत्र के कुल 306 मतदान केंद्रों में से सोनहत के 78 मतदान केंद्रों की पेटियों को DySP श्याम लाल मधुकर के पर्यवेक्षण में केंद्रीय सुरक्षा बलों की निगरानी में सकुशल जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पहुंचाया गया है। वही बैकुंठपुर के 228 मतदान पेटियों को स्ट्रांग रूम बैकुंठपुर में सुरक्षित जमा कर लिया गया है।



मानक गाइडलाइन के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के आंतरिक लेयर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा केंद्रीय पुलिस फोर्स स्स्क्रद्वारा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि तीन लेयर में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है, जिसमे फर्स्ट एवं सेकंड लेयर में केंद्रीय रिज़र्व फोर्स स्स्क्र की कम्पनी को तैनात किया गया है एवं थर्ड लेयर में CAF और जिला बल को तैनात किया गया है जो 24 घंटे कड़ी निगरानी में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस दौरान परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश निषेध रहेगा। केवल चुनाव आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्ति ही स्ट्रांग रूम के अन्दर प्रवेश कर सकते है। तीन लेयर के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की जिला पुलिस के तरफ से सम्पूर्ण जवाबदारी DySP जे.पी. भारतेन्दु को नोडल अधिकारी के तौर पर सौंपी गई है, जो अपने सतत पर्यवेक्षण में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। समस्त बल को पुलिस निर्वाचन नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा ब्रीफ करके लगाया गया है। उनके अतिरिक्त SDOP बैकुंठपुर को भी प्रतिदिन स्ट्रांग रूम में लगे सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता का जायजा लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

## खेत में करंट लगने से कालरीकर्मी की पत्नी की मौत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल की गेतरा कालोनी के समीप खेत में गई कालरी कर्मी की पत्नी सोनामती की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बिश्रामपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण की डायरी अग्रिम जांच के लिए कोतवाली थाना सुरजपुर भेज दी है। बता दें कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री भूमिगत परियोजना में कार्यरत ड्रेसर सुखराम राजवाडे अपने परिवार के साथ गेतरा स्थित एसईसीएल की कालोनी में रहता है। मंगलवार की दोपहर में आंधी तूफान के बाद उसकी पत्नी सोनावती 50 वर्ष अपने खेत में गई थी। जहांकरंट की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। उसे तत्काल एसईसीएल के स्थानीय केंद्रीय चिकित्सालय में लाया गया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** गोबरानवापारा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है। गोबरानवापारा पुलिस को सूचना मिली कि सतनामीपारा में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रहलाद कोसले 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# सबके सहयोग से मतदान प्रतिशत में हुई बढ़ोतरी-लंगेह

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों- कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी वर्गो के सहयोग के कारण, बड़ी संख्या में मतदान में भाग लेने पर इस बार मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है। निर्वाचन कार्य मे बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू रूप से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। भीषण गर्मी, उमस व बदलते मौसम के बावजूद जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी उत्साह से मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए लोगों को अवगत कराया। स्काउट-गाइड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान सहभागिता निभाई, जो सराहनीय रहा। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगे वाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं हो पाता, वाहन चालकों के पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ



होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्व सहायता समूह, स्वास्थ्य स्टॉफ, सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनका कार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## युवक से मारपीट

**रायपुर।** सामुदायिक भवन के पास कुकुरबेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक पांडे 27 वर्ष सामुदायिक भवन के पास कुकुरबेड़ा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी शंकर साहू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने रेलवे स्टेशन प्लेटऊार्म नंबर 7 में गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 17 किलो 508 ग्राम गांजा जब्त किया है।

## प्रेक्षक व कलेक्टर की उपस्थिति में कड़ी सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम सील

### 4 जून को निकलेगा परिणाम



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरबा संसदीय निर्वाचन सीट के तृतीय चरण के मतदान के बाद बैकुंठपुर विधानसभा के सभी ईवीएम मशीनों को शासकीय आदर्श रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक शाला, बैकुंठपुर के स्ट्रांग रूम में जमा कर दी गई हैं। प्रेक्षक कैलाष सुखदेव पगारे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को पूरी तरह से सील की गई और सीसीटीवी कैमरे के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। 7 मई को बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के 67 हजार 644 महिला मतदाता, 69 हजार हजार 373 पुरुष मतदाता व 03 तृतीय लिंग मतदाताओं ने मतदान किए थे। जिसमें पुरुष मतदाता की मतदान प्रतिशत 81.49 व महिला मतदाता की मतदान प्रतिशत 78.99 रहे। इस तरह बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में 80.23 प्रतिशत मतदान हुए हैं। आगामी 4 जून को चुनाव परिणाम घोषित होगा। तब-तक प्रत्याशियों के किस्मत ईवीएम मशीन में बंद रहेगी। इस दौरान अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपिका नेताम, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# गला घोंटकर मार डाला पत्नी को, पति पुलिस गिरफ्त में

**सूरजपुर।** भैयाथान इलाके के करौंदामुड़ा गांव में नवविवाहिता मुस्लिम महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत के मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए मृतक महिला के स्वजनों और समाज के लोगो ने मंगलवार की रात कोतवाली थाना सूरजपुर में शव को रखकर जमकर हंगामा मचाते हुए आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की। भैयाथान पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर हत्या का जुर्म दर्ज कर रात में ही पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पति द्वारा हत्या का जुर्म कबूल करने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली थाना इलाके के ग्राम कल्याणपुर निवासी नशिबुन निशा का विवाह चार साल पूर्व करौंदामुड़ा निवासी पोल्ट्री फार्म संचालक मुजीबुर रहमान पिता इनायफ उल्लाह के साथ हुआ था। उसकी दो साल की बच्ची भी है। सोमवार की रात करीब साढ़े 11 बजे मुजिबर रहमान ने अपने ससुराल वालों को बताया कि उसकी पत्नी के पेट और सीने में काफी दर्द है। उसके बाद उसने मंगलवार को सुबह भैयाथान थाना पहुंचकर बताया कि उसकी पत्नी नशिबुन निशा के पेट एवं सीने में दर्द होने के कारण रात में उसे लेकर बैकुंठपुर अस्पताल जा रहा था इस दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पर भैयाथान पुलिस ने मर्ग कायम कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भैयाथान की उपस्थिति में पंचनामा कार्रवाई की। मृतका के शरीर में चोट के निशान भी पाए गए। पंचनामा कार्रवाई के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान में शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस मौत के कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी। इसी बीच मंगलवार की रात करीब नौ बजे मृतक महिला के स्वजन समाज के लोगों के साथ शव को लेकर कोतवाली थाना सूरजपुर पहुंच गए। जहां उन्होंने हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपित पति को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया। उनका आरोप था कि भैयाथान पुलिस कार्रवाई में लापरवाही बरत रही है। कोतवाली थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने मृतक महिला के स्वजन तथा आक्रोशित समाज के लोगों को समझाया कि भैयाथान



पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इसी बीच खबर आई कि भैयाथान पुलिस ने आरोपित पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पति द्वारा अपराध करना स्वीकार किए जाने के बाद आरोपित पति मुजिबर रहमान पिता इनायफ उल्लाह 31 वर्ष को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर सुरजपुर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। एसपी एमआर माहिरे के निर्देशन में कई गई कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक फर्दिनंद कूजुर समेत एएसआई लवकुश राजवाडे, पास्कल लकडा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र यादव, महिला प्रधान आरक्षक चन्द्रकांत मुजनी, आरक्षक वसीम राजा, चंन्द्रदेव मरावी सक्रिय रहे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हत्यात्मक प्रवृत्ति का बताए जाने पर भैयाथान पुलिस ने धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर मृतक महिला के पति मुजिबर रहमान 31 वर्ष को मंगलवार की रात को ही उसके घर से हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की। उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर ग्राहकों का काल आते रहता है।

उसकी पत्नी शंका करती थी कि किसी लड़की का काल आता है। इस बात को लेकर वह उससे विवाद करती थी। सोमवार को भी उसने उसके मोबाइल में किसी लड़की का स्टेटस लगा होने की शंका जाहिर करते हुए विवाद किया और खाना खाए बगैर रूम में चली गयी। उसके बाद उसने रूम में जाकर उसे समझाने की कोशिश की, तो वह फिर विवाद करने लगीं। गुस्से में उसने दुपट्टे से उसका मुंह और नाक दबा दिया। इससे वह नीचे गिरकर बेहोश हो गई। उसके बाद उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसने अपने बचने के लिए उसके पेट व सीने में दर्द की कहानी बनाई थी।

## पार्टी विशेष के प्रत्याशी को वोट देकर बनाया वीडियो और कर दिया प्रसारित



**अंबिकापुर।** पार्टी विशेष के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर युवक ने उसका वीडियो बना लिया। उस वीडियो को इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित भी कर दिया। मामला सामने आते ही पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने मतदान की गोपनीयता भंग करने के आरोप पर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल भी जब्त किया गया है। पूरा प्रकरण प्राथमिक शाला सीतापुर के मतदान केंद्र क्रमांक 196 से जुड़ा हुआ है। यहां मतदान के दौरान दिलेश तिग्गा नामक मतदाता भी पहुंचे। उन्होंने मतदान किया। मतदान के दौरान पार्टी विशेष के प्रत्याशी को मतदान करने तथा वीवी पैट से पर्ची निकलने तक की प्रक्रिया का मोबाइल पर वीडियो बना लिया। इस वीडियो को उसने प्रसारित भी कर दिया। मतदान की गोपनीयता भंग होने के कारण तत्काल पीठासीन अधिकारी ने सीतापुर थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। सीतापुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धारा 171 (च) भादवि तथा लोक प्रतिनिधि अधिनियम 130 (1) (क) का अपराध पंजीबद्ध किया। मामले के आरोपित दिलेश तिग्गा को हिरासत में लिया गया।उसके मोबाइल की जब्ती की गई। आरोपित सीतापुर के उरांवपारा का रहने वाला है पूछताछ पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया। आरोपित को गिरफ्तार कर मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक भरत लाल साहू, आरक्षक पंकज देवांगन, धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

## तीन चरणों के बाद तय देश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है - बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद तस्वीर बहुत हद तक साफहो गयी। 400 का नारा देने वाली भाजपा 150 नहीं पहुंच रही है। आधे से ज्यादा सीटों पर चुनाव हो गया है। भाजपा इन सीटों पर बुरी तरह पिछड़ चुकी है। देश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। तीन चरणों के मतदान के बाद मोदी और भाजपा घबरा गये उनके भाषणों का रुख बदल गया। वे अपनी 10 साल की कोई भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे है। चुनाव को हिन्दू, मुस्लिम, मंगलसूत्र, मछली, मटन, मीट तक ले जाने की तमाम कोशिशे मोदी और उनके साथियों ने किया।लेकिन तीसरे चरण के मतदान के बाद साफहो गया भाजपा के बहकावे मे जनता नहीं आयी। इस चुनाव में भाजपा का हिडन एजेंडा संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने का बेनकाब हुआ। जनता यह समझ गयी कि संविधान बदलने के लिये भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लोग यह भी जान गये कि यह संविधान इसलिये बदलना चाह रहे कि बाबा साहब ने वंचित वर्गों के लिये जो प्रावधान संविधान में किया है वह संविधान बदलकर समाप्त किया जा सके। लेकिन भाजपा की यह बदनीयती खुलकर जनता के सामने आ गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस चुनाव के प्रचार को कांग्रेस पार्टी ने सकारात्मकता के साथ किया। हमने अपने न्याय पत्र को जनता के सामने रखा है। यही कारण है कि देश भर में जनता बदलाव के लिये मतदान कर रही है। तीन चरणों में यह साबित हुआ।

## शराब घोटाला मामले में ईडी ने मारा छापा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कथित आबकारी घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू की टीम ने एक बार फिर से शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन के घर पर छापेमारी की है। ईओडब्ल्यू की टीम ने पप्पू ढिल्लन के भिलाई के नेहरू नगर निवास में दबिस दी है। ढिल्लन के घर ईओडब्ल्यू के 6 अधिकारी सुबह से छानबीन के रहे हैं। बता दें कि कथित शराब घोटाले में अप्रैल माह में भी एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम कारोबारी के घर छानबीन की थी. मामले में अब अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर के बयान के बाद एक बार फिर से पप्पू ढिल्लन के घर ईओडब्ल्यू के अधिकारी पहुंचे है।

# वार्डवासियों ने की बारिश पूर्व पानी निकासी की मांग

**रामानुजगंज।** लोक निर्माण विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से जिला जेल रोड में डामरीकृत सड़क का निर्माण कराया जा रहा है वहीं जिला जेल के पीछे 50 से अधिक घर है जहां से पानी के बिना निकासी की व्यवस्था किये सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिससे आक्रोशित वार्डवासियों ने वार्ड पार्षद अशोक गोड़ की नेतृत्व में बिना पानी निकासी की व्यवस्था किया सड़क निर्माण की जाने का विरोध करने लगे वही लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से भी चर्चा की जिनके द्वारा एक सप्ताह के अंदर पानी निकासी की व्यवस्था कर दिए जाने की बात कही।

वार्ड पार्षद अशोक गोड ने कहा कि विगत 6 माह से लगातार सड़क निर्माण के पूर्व पानी निकासी की व्यवस्था किए जाने की मांग लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से करते आ रहा हूं। कई बार मौखिक रूप से अवगत कराया तो हर समय आश्वासन मिलता रहा की पानी निकासी की व्यवस्था बन जाएगी यहां तक की लेआउट भी दिया गया परंतु उसके बाद पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई। मंगलवार को जब वर्षा हुई तो पानी घरों के अंदर जाने लगा था वही आने वाले समय में बरसात के दिन में यदि पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो घरों के अंदर पानी चला जाएगा। अशोक गोड़ ने कहा कि यदि पानी निकासी की व्यवस्था लोक निर्माण विभाग नहीं करवाता है तो मजबूरन हम सब वार्ड वासियों को काम रुकवाना पड़ेगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने एक सप्ताह के अंदर पानी निकासी की व्यवस्था कर दिए जाने की बात कही।

# बीमार लांस नायक को ग्रीन कारीडोर बनाकर पुलिस ने कराया एयर लिफ्ट

**अंबिकापुर।** असम राइफल्स के लांस नायक मनोज गोगोई को बुधवार को एयर एंबुलेंस से रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल में शिफ्ट किया गया। सेरिब्रल फीवर (मस्तिष्क ज्वर) से पीड़ित होने के बाद चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी थी। मल्टी ऑर्गन फेलयुर का लक्षण था। लांस नायक की स्थिति बिगड़ रही थी। अंबिकापुर के संजीवनी हॉस्पिटल से दरिमा एयरपोर्ट तक ग्रीन कारीडोर बनाकर बीमार लांस नायक को तत्काल एयर लिफ्ट किया किया गया। इस संपूर्ण व्यवस्था में सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर व पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल लगे थे। निर्वाचन आयोग ने एयर एंबुलेंस उपलब्ध कराया था।



तीसरे चरण में सरगुजा संसदीय सीट पर मतदान हुआ। मतदान से पहले सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षा बलों की नौ कंपनियों को सरगुजा में कर्तव्यस्थ किया गया था। इसमें असम राइफल्स की कंपनी भी थी। इस कंपनी में लांस नायक मनोज गोगोई (39) भी शामिल थे। स्वास्थ्यगत परेशानियों पर उन्हें अंबिकापुर के संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। यहां जांच में पता चला कि वे सेरिब्रल फीवर से पीड़ित हैं। मल्टी आर्गन फेलयुर के कारण हायर सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को देखते हुए चिकित्सकों ने भी बाहर ले जाने की सहमति दी थी। निर्वाचन कार्य में सलंग्न लांस नायक के गंभीर रूप से बीमार होने की जानकारी निर्वाचन आयोग को दी गई थी। कलेक्टर विलास भोसकर व पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बीमार लांस नायक को जल्द से जल्द रायपुर भेजने की योजना बनाई। एयर एंबुलेंस के पहुंचने के साथ ही बीमार लांस नायक को दरिमा एयरपोर्ट तत्काल ले जाने की योजना के तहत पहली बार ग्रीन कारीडोर बनाया गया। संजीवनी अस्पताल से निकलते ही एंबुलेंस बिना बाधा के सीधे दरिमा एयरपोर्ट पहुंचा। यहां एयर एंबुलेंस तैयार था। तत्काल लांस नायक को एयर लिफ्ट कर लिया गया। ग्रीन कारीडोर आपात स्थिति में बनाया जाता है ताकि रास्ते में किसी प्रकार का कोई अवरोध उतपन्न न हो। सरगुजा पुलिस ने भी ग्रीन कारीडोर बनाकर बीमार लांस नायक को दरिमा तक पहुंचाया। बता दें कि मतदान दिवस और मतदान के पहले शांति सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाहर से आई सुरक्षा कंपनियों ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। बीमार लांस नायक मनोज गोगोई असम के गोलाघाट जिले के नाओजा सारूपाथर के रहने वाले हैं।

## नगर में चोरों का आतंक

**रामानुजगंज।** नगर में लगातार चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है बीती रात भी चोरों के द्वारा चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया जा रहा था। स्टेट बैंक रोड स्थित एक दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने के लिए दुकान का शटर ताला तोड़कर उठा दिया गया था। परंतु इसी दौरान इस रास्ते से गुजर रहे मतदान कर्मियों की नजर पड़ी तो वे गाड़ी को मोड़कर दुकान के नजदीक आए तो चोर भागने लगे किसी प्रकार से एक नाबालिक चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया वहीं 3 फरार हो गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात मतदान कर कर वापस आ रहे मतदान कर्मी शिक्षक आलोक केसरी अजीत गुप्ता आशीष गुप्ता एवं पुलिसकर्मी मायापति चार चक्का वाहन से स्टेट बैंक रोड होकर बस स्टैंड जा रहे थे इसी दौरान मध्य रात्रि साक्षी मोबाइल का शटर उठा हुआ दिख तो उन लोगों को कुछ शक हुआ वह 100 मीटर के करीब आगे चल गए थे फिर गाड़ी मोड़ कर जब दुकान के नजदीक पहुंचे तो सभी भागने लगे चारो भागने लगे वही मध्य रात्रि में ही स्टेट बैंक के रोड के बगल में रहने वाले भाजपा नेता शैलेश गुप्ता एवं आशीष टेलीकॉम के संचालक अमित गुप्ता,ब्लल्लु गुप्ता,रोहीत गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए थे और देखते-देखते अन्य दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए। चोरी करते नाबालिक युवक को पकड़ लिया गया वहीं तीन और फरार बताए गए पूछताछ में उन्होंने आसपास के गांव का ही होना बताया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। चोरों के द्वारा एसडीएम निवास के सामने बाइक खड़ी की गई थी बाइक का आगे पीछे का नंबर प्लेट झोला में रख दिया गया था। वही ताला तोड़ने एवं शटर खोलने के लिए औजार भी रखे गए थे। साक्षी मोबाइल के संचालक सुरेश को जब रात में दुकान में हुई घटना की जानकारी दी गई तो वह मैहर में थे। कुछ दिन पूर्व स्टेट बैंक रोड के बड़े कपड़े दुकान में चोरी की भी हुई थी कोशिश.......... नगर में लगातार चोरी की घटनाएं हो ही रही है थमने का नाम नहीं ले रही है कुछ दिन पूर्व स्टेट बैंक रोड में स्थित बड़े कपड़े की दुकान में चोरी की कोशिश हुई थी परंतु दरवाजा नहीं खुल पाने के कारण चोरी की घटना को कर अंजाम नहीं दे सके। नगर में बड़ी चोरी की घटनाओं में पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पाए चोरों तक....... नगर के वार्ड क्रमांक 1 में चोरी की बड़ी घटना कुछ माह पूर्व हुई थी वही सेठ मोहल्ला रोड में स्थित ज्वेलरी दुकान में भी उठाई गिरी की बड़ी घटना हुई थी जिसमें चोर सीसीटीवी में भी कैद हुए थे परंतु दोनों घटना में पुलिस के हाथ अब तक बदमाशों तक नहीं पहुंच पाए हैं वहीं अन्य चोरी की घटनाओं में भी पुलिस के हाथ अभी तक खाली है।

## प्रशासन की संयुक्त टीम गठित

**रायपुर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर शहरी व ग्रामीण स्तर पर अधिकतर भ्रांतियों के चलते बाल विवाह संपन्न कराया जाता है। जिले में बाल विवाह को पूर्णरूप से प्रतिबंधित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति, चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम गठित की गयी है।

# कुकरीचोली के मकान में माता-पिता और बालिका के शव मिले, मौत पर संशय

### एक मृतक के सिर पर चोट दूसरे के गले पर फंदे के निशान

**कोरबा।** कुकरीचोली गांव में जयराम उसकी पत्नी और एक बेटी के शव घर पर मिले। परिजनों को सबसे पहले इस बारे में जानकारी हुई। बालिका को आवाज लगाने के बाद भीतर से काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो परिजन सख्ते में आए। दरवाजा तोड़ने के बाद अंदर का हाल देखा तो लोग हतप्रभ रह गए कि यह सब कैसे हुआ। उरगा पुलिस सहित विभाग के उच्चाधिकारी और डॉग स्क्वायड को जांच के लिए लगाया गया है। फोरेंसिक एक्सपर्ट की मदद भी मामले का सच जानने के लिए ली जा रही है।

उरगा पुलिस इस घटनाक्रम को लेकर मर्ग कायम किया है। घटनाक्रम में जयराम रजक, पत्नी सुजाता रजक और एक वर्ष की पुत्री की मौत हो गई। 25 वर्षीय जयराम रजक के साथ ही उसकी पत्नी व बेटी के शव एक ही कमरे में मिले हैं। उरगा पुलिस थाना से तीन किलोमीटर दूर कुकरीचोली गांव स्थित है जहां पर यह घटना हुई। मृतक जयराम के तीन और भाई हैं जो आसपास में निवासरत हैं। आज सुबह जयराम की बेटी को उनके परिजनों ने आवाज दी लेकिन भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। काफी देर तक प्रयास के बाद जब सफलता नहीं मिली तो लोग आशंका से घिर गए कि आखिर क्या कुछ हुआ है। इस दौरान दरवाजा को हटाकर देखा गया तो उनकी आंखें फटी की फटी रह गई। स्थानीय लोगों को इस संबंध में सूचित किया गया।



मौके पर पाया गया कि जयराम, पत्नी सुजाता और बेटी के शव यहां पड़े हैं। जयराम के सिर पर चोट के निशान मिले जबकि पत्नी के गले पर फंदे के निशान देखे गए। उसके ठीक बगल में बेटी मिली

है। प्रथम दृष्टया इस मामले को हत्या से जोड़कर देखा गया लेकिन स्थितियों का बारिकी से जायजा लेने पर कहानी कुछ और नजर आ रही है। उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा सहित जिले के पुलिस अधिकारी फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड ने कुकरीचोली के घटना स्थल का जायजा लिया। जयराम के परिजनों के अलावा अन्य लोगों से प्राथमिक जानकारी हासिल की गई ताकि इस बारे में कुछ तो पता चले।

### उलझा हुआ मामला

चूंकि जयराम के सिर पर चोट के निशान हैं और वह लहूलुहान स्थिति में मिला है। ऐसे में तय माना जा रहा है कि किसी और ने उसकी हत्या की है। जबकि पत्नी और बेटी की मौत पर असमंजस की स्थिति बनी है कि इसके पीछे का कारण क्या है। कई बिंदुओं पर होने वाली जांच से उजागर होगा कि सच्चाई क्या है।

### अपराध शास्त्र का सहारा

गंभीर किस्म के मामलों में परिणाम तक पहुंचने के लिए पुलिस कई स्तर पर काम करती है। विधि विज्ञान के विशेषज्ञों के साथ-साथ दूसरी विशेषज्ञता हासिल में महारत प्राप्त तंत्र की सहायता भी लेती है। साथ ही अपराध शास्त्र से संबंधित कई संदर्भों पर काम करने के साथ अध्ययन करती है कि मौजूदा प्रकरण का कनेक्शन आखिर किस तरफ हो सकता है। पूर्व में कोरबा जिले की पुलिस ने क्रिटिकल लगने वाले अनेक मामलों को काफी समय के बाद सुलझाने में सफलता प्राप्त की है।

## वैशाली नगर में रेलवे ट्रैक पर मिला ठेका कर्मी का शव



*घटना स्थल का मुआयना करते अधिकारी, इनसेट में मृतक।*

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वैशाली नगर के पुराने पेट्रोल पंप के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला है। उसका एक हाथ कटा है। मामला दुर्घटना का है या कुछ और, इसकी पुष्टि होना बाकी है। जानकारी देने पर पुलिस यहां पहुंची और आवश्यक कार्यवाही की।

वैशाली नगर क्षेत्र में साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे के द्वारा कोरबा-गेवरारोड रेल सेक्शन पर ट्रैक बिछाया गया है जहां यह शव मिला है। आसपास के लोगों ने इसे देखा और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद पुलिस और रेलवे के लोग यहां पहुंचे। उन्होंने देखा कि ट्रैक पर शव पड़ा है। शुरुआती जांच-पड़ताल में किसी प्रकार के तथ्य नहीं मिले हैं। कुछ देर के बाद सूचना सार्वजनिक होने पर इसी इलाके के कुछ लोग यहां पहुंचे जिन्होंने मृत युवक की पहचान गोपाल विश्वकर्मा के रूप में की। बताया गया कि वह एक संस्थान में ठेका कर्मी के रूप में नियोजित था। रात्रि को वह घर नहीं पहुंचा। आज सुबह उसके मृत होने के बारे में जानकारी मिली। हालांकि संभावना यही व्यक्त की जा रही है कि ट्रैक पर गाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हुई होगी। वहीं अटकलें यह भी लगाई जा रही है कि मामले को दूसरा रूप देने के लिए किसी ने शव यहां फेंक दिया होगा। मामले में मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के आधार पर वास्तविक तथ्यों के बारे में जानकारी मिल सकेगी कि इसका सही कारण क्या था। फिलहाल कुसमुंडा पुलिस ने मामले को संदिग्ध श्रेणी में मानते हुए 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग कायम किया है।

### भदरापारा में करंट से बैल की मौत

**कोरबा।** बालकोनगर के भदरापारा इलाके में करंट के संपर्क में आने से एक बैल की मौत हो गई। वह ट्रांसफार्मर के नजदीक उपस्थित था। वहां के खुले हुए केबल से संपर्क होने के बाद बैल काफी देर तक छटपटाया और दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी आसपास के लोगों को होने पर उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। सीएसईबी को भी इस बारे में सूचना दी गई। इस प्रकार के मामलों में सरकार के आपदा राहत कोष से पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान है। उक्तानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पिछड़ों में पहचान लेकिन मतदान में रहे आगे

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत कोरबा जिले में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर मतदाताओं ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने अपनी अहम भागीदारी दी। जिले में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के मतदाताओं ने घर से निकलकर मतदान किया।

कोरबा ब्लाक के अन्तर्गत पहाड़ी कोरवा वाले ग्राम केराकछार, गेरांव, नकिया, पतरापाली, देवपहरी, ढोकरमना, गढ़उपरोढ़ा, अमलडीहा, बड़गांव, अजगरबहार, चचिया, बेला, लबेद, मदनपुर, माखूरपाली, लेमरू,सिमकेंदा, सतरेंगा, करतला ब्लाक के ग्राम करतला,



पीड़िया, बेहरचुंवा, पोड़ीउपरोड़ा ब्लाक के गुडरूमुड़ा, कुटेश्वरनगोई, डोंगरतराई, खोडरी, अमलडीहा, मल्दा, लालपुर, केसलपुर, तानाखार, कटोरीनगोई, कोनकोना, तथा ब्लाक के पोटापानी, शिवपुर, कोडार, माखनपुर, डोंगानाला, ईरफ, भण्डारखोल, मांगामार, उड़ता, नुनेरा, डुमरकछार क्षेत्र में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के मतदाताओं ने बढ़चढ़कर मतदान किया। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिये जा रहे थे। इस दिशा में विशेष पिछड़ी जनजाति मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप की गतिविधियां आयोजित कर लोकतंत्र के निर्माण में उनकी भागीदारी को बताया गया और मतदान दिवस को आदर्श मतदान केंद्र,सेल्फी पॉइंट बनाकर उन्हें प्रेरित किया गया। इसी का परिणाम है कि कोरबा जिले में विशेष पहचान रखने वाले 80 फीसदी विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर मतदान किया।

### यूथ हॉस्टल में संदीप को नया दायित्व

**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 5 मई को संपन्न हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने भागीदारी करने के साथ भविष्य के लिए विचार किया और निर्णय लिया। उक्तानुसार मुख्य और उप समितियां गठित की गई।



छत्तीसगढ़ के स्टेट चेयरमेन संदीप सेठ को आईटी डेव्हलपमेंट कमेटी का संयोजक नियुक्त किया गया है। उनके सहयोगी के रूप में गोवा की रूपा नायक, महाराष्ट्र के सुरेंद्र जोशी और कर्नाटक के एच.एल.सतीश कुमार शामिल किये गए हैं। जिंदल स्कूल रायगढ़ में आईटी टीचर संदीप ने यूथ हॉस्टल को कोरबा सहित छत्तीसगढ़ में विशेष पहचान देने का काम किया।

## संविदा बिजली कर्मियों को नियमित करने पर होगी चर्चा

**कोरबा।** विद्युत मंडल में संविदा के आधार पर सैकड़ो कर्मचारी काम कर रहे है। इनको नियमित करने की मांग को लेकर बिजली कर्मचारी संघ



कई बार मांग पत्र सौंप चुका है। संविदा के आधार पर नौकरी कर रहे कर्मचारियों को नियमित करने के लिए एक बार फिर बिजली कर्मचारी संघ आंदोलन की तैयारी कर रहा है। इसके लिए 12 मई को रायपुर में महासंघ की बैठक होगी। विद्युत मंडल के अन्य समस्याओं पर भी चर्चा होगी। सभी क्षेत्र के मांगो को सामने रखते हुए मांग पत्र बनाया जाएगा। इस बैठक में राष्ट्रीय सचिव आर.एस. जयसवाल, नवरत्न बरेठ, मदन मोहन पाण्डेय शब्बीर मेमन, यशवंत राठौर , पूर्णिमा साहू शामिल होंगे।

### बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित, प्रदर्शन जानने छात्र परेशान

कोरबा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के नतीजों की घोषणा आज दोपहर 12.30 बजे कर दी। एक दिन पहले ही इसकी सूचना जारी की गई थी। गुरुवार को परिणाम जानने के लिए विद्यार्थी और उनके अभिभावक उत्सुक दिखे। बोर्ड की ओर से बताया गया कि उसने अपनी अधिकृत साइट के साथ ही एनआईसी की साइट को भी एक्टिव कर दिया है लेकिन अधिसूचित समय से 30 मिनट बाद तक इन साइट पर कोई रिस्पांस नहीं मिला। कोरबा में जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय से चर्चा करने पर जानकारी मिली कि बोर्ड की अस्थायी मेरिट सूची भी यहां उपलब्ध नहीं कराई गई है।

### प्रतिनिधि मंडल मिलेगा प्रबंधन से

**कोरबा।** एसईसीएल बगदेवा संडे ड्यूटी बंद कर दिया गया है। जिसके चलते कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। वेतन कम होने की बात यहां के कामगार कह रहे है। एसईकेएमसी के केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, संदीप राय, आशोक सिंह, उदेश्वर नायक, धनीराम अधिकारियों से मुलाकात करेगे। इनका कहना है कि केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व व गेवरा केन्द्रीय कर्मशाला में संडे ड्यूटी में कटौती कर दिया गया था। जो पुन: चालू हो गया है। केन्द्रीय कर्मशाला एक संडे ड्यूटी मिलता था। अब उसे बढ़ाकर दो कर दिया गया है। केन्द्रीय कर्मशाला की तरह बगदेवा में भी संडे ड्यूटी चालू किया जा सकता है। इसके लिए एसईकेएमसी को पूरी ताकत लगानी होगी।

## कांग्रेसियों ने सौंपी संगठन को रिपोर्ट

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव में ब्लाक अध्यक्षों सहित क्षेत्र के कांग्रेसियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी। बूथ से लेकर प्रचार का काम दिया गया था। ब्लाक अध्यक्ष बांकी मोंगरा के टीकाराम मनहरण ने नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत को क्षेत्र में किए गए कार्यो की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि महिला व पुरूष क्षेत्र में अलगग-अलग कार्य कर रहे थे। दीपका ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह व तनवीर अहमद ने भी कहा हे कि क्षेत्र में सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। महिला व पुरूष लगातार मेदान में डंटे हुए थे। लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चल रहा था। इसी तरह अन्य ब्लाक क्षेत्रों के अध्यक्षों ने किए गए कार्यो की जानकारी दी। चुनाव के दिन पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री गोपाल यादव व प्रदेश सचिव विकास शुक्ला, नरईबोध सहित आसपास के गांव में जाकर मतदान कर अवलोकन कर रहे थे।

## डरो मत सूचना दो : हादसे के दौरान सहायता करने वालों के लिए दी जा रही राहत

**कोरबा।** सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति की मदद करने से लोग अक्सर कतराते हैं. विधि आयोग के अनुसार, सड़क दुर्घटना में 50 प्रतिशत ऐसे लोगों की मृत्यु हुई जिनकी मौत को रोका जा सकता था, यदि उन्हें समय पर प्राथमिक उपचार मिला होता.भारत में लोग क़ानूनी नतीजा और प्रक्रियात्मक बाधाओं के डर से घायलों की मदद करने से हिचकिचाते रहे हैं। सड़क घटना में लोगों की मदद करने वालों को कानूनी कार्रवाई, पुलिस की पूछताछ, अस्पताल की औपचारिकता जैसी तमाम प्रक्रियाएं से राहत देने के लिए कार्य करता है नेक व्यक्ति कानून।

कानूनी कार्रवाई, पुलिस की पूछताछ, अस्पताल की औपचारिकता जैसी तमाम प्रक्रियाएं मदद करने वाले व्यक्ति को डराती हैं। यही वजह है कि सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति की मदद करने से लोग अक्सर कतराते हैं। विधि आयोग के अनुसार, सड़क दुर्घटना में 50 प्रतिशत ऐसे लोगों की मृत्यु हुई जिनकी मौत को रोका जा सकता था, यदि उन्हें समय पर प्राथमिक उपचार मिला होता, पीड़ित को आपातकालीन उपचार प्रदान करने में बाईस्टैंड की भूमिका महत्वपूर्ण है. फिर भी, भारत में लोग क़ानूनी नतीजा और प्रक्रियात्मक बाधाओं के डर से घायलों की मदद करने से हिचकिचाते रहे हैं।

### सुरक्षा देगा कानून

भारत सरकार द्वारा एक ऐसी पहल की गई है जिसके चलते आम नागरिक अपने कर्तव्यों को निभाने से पीछे नहीं हटेगा. सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को मदद पहुंचाना हमारा फर्ज नहीं बल्कि मानवता भी है। एक ऐसे ही व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करना, क़ानूनी पेच से बचाना नए क़ानून का हिस्सा है। इसे नाम दिया गया है, नेक व्यक्ति कानून।

### ऐसे किया परिभाषित

नेक व्यक्ति का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति, जो अच्छी नीयत व स्वेच्छा से और बिना किसी इनाम या मुआवजे की उम्मीद के आपातकालीन चिकित्सा या पीड़ित को दुर्घटना के स्थान पर सहायता करता है। ऐसे पीड़ित को अस्पताल पहुंचाता है. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे भारत के लिए एक नेक व्यक्ति कानून स्थापित किया है।

## नगर मंडल से भाजपा को मिलेगी सर्वाधिक लीड

**कोरबा।** लोकसभाा क्षेत्र कोरबा के लिए मतदान संपन्न होने के साथ अब प्रतीक्षा केवल नतीजों की है। भाजपा कोरबा नगर मंडल के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने दावा किया कि इस इलाके में आने वाले 61 पोलिंग बूथ में 75



प्रतिशत मतदान हुआ है और भाजपा ने अपने पक्ष में वातावरण बनाया है। हमें आशा है कि जिले में सर्वाधिक बढ़त कोरबा नगर मंडल से मिलेगी। परविंदर ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में न केवल बेहतर प्रचार किया गया बल्कि टीम भावना के साथ बूथ स्तर पर मजबूती की गई। डोर टू डोर जनसंपर्क के अलावा और भी तरीकों से मतदाताओं को भाजपा सरकार आने के फायदे बताए गए। लोगों का विश्वास इससे बढ़ा है।

## चुनाव ड्यूटी वाले कर्मियों को जल्द मिला मानदेय, जताई खुशी

### टीचर्स एसोसिएशन ने की थी पहल

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान कराने वाले मतदान दलों को मतदान के दूसरे दिन ही मानदेय का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने इस संबंध में पूर्व से ही निर्देशित किया था कि मतदान कराकर लौटने के पश्चात् मतदान दलों को मानदेय का भुगतान अगले दिन किया जाए।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनोज चौबे के नेतृत्व में चुनाव के पूर्व कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में चुनाव मानदेय शीघ्र भुगतान करने की अपील की गई थी। जिस पर कलेक्टर ने चुनाव के पश्चात तुरंत मानदेय जमा करने का आश्वासन दिया गया था और चुनाव के दूसरे दिन ही चुनाव मानदेय की राशि जमा हुआ।जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा द्वारा 07 मई को मतदान दल में शामिल रामपुर विधानसभा के 1106, कोरबा विधानसभा के 1028, पाली-तानाखार विधानसभा के 1219, कुल 3353 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 01, मतदान



अधिकारी 02 और मतदान अधिकारी 03 के बैंक खाते में आज 08 मई को मानदेय की राशि हस्तांतरित कर दी गई है। अधिकारी-कर्मचारी जिनकी ड्यूटी मरवाही विधानसभा क्षेत्र में लगी थी, उन मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई है। एक-दो दिन के भीतर इन मतदान दलों के खातों में राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। निर्वाचन कार्यालय से तत्काल मानदेय की राशि प्राप्त होने पर मतदान दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों ने खुशी जताई है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनोज चौबे ने मांग के अनुसार शीघ्र चुनाव मानदेय जमा होने एवं कोरबा जिला में पहली बार चुनाव मानदेय की राशि शीघ्र जमा कर ऐतिहासिक कार्य के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किये। चुनाव कार्य पर लगे समस्त अधिकारी कर्मचारीयों को भी मतदान संपन्न कराने पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## अब चर्चा इस बात पर, किसकी गारंटी की मजबूत रही हवा

### वोटर्स को रिझाने के लिए की जी तोड़ मेहनत

**कोरबा।** तीन चरण में छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न हो गया है। मतदाताओं ने अपनी पसंद से ईवीएम को वोट दिया है। सभी ईवीएम अब मतगणना तक के लिए स्ट्रांग रूम के हवाले हो गई है। नतीजों के लिए जून तक इंतजार करना होगा। उससे पहले कोरबा लोकसभा क्षेत्र में मतदान की स्थिति से लेकर कई प्रकार के प्रभाव को लेकर बात हो रही है। चर्चा इस बात को लेकर भी है कि आखिर सामान्य लोकसभा क्षेत्र में किसकी गारंटी पर ज्यादा महत्व प्राप्त हुआ है।

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी को आगे जारी रखने के वादे किये। इसके साथ ही बीते 10 वर्ष में क्षेत्रीय से लेकर राष्ट्रीय विषयों पर अर्जित की गई उपलब्धियों को भी लोगों के सामने रखा। इसी आधार पर चुनाव प्रचार केंद्रित रहा और वोट मांगे गए। वहीं छत्तीसगढ़ में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 5 गारंटी को प्रचारित किया। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों और महिलाओं को हर महीने 8333 रुपए देने की बात की गई। हालांकि चुनाव के दौरान कहीं भी यह नहीं बताया गया कि देश भर में कुल बजट के मुकाबले इस योजना के लिए पैसा कहां से और कैसे आएगा। फिर विभिन्न क्षेत्रों में पार्टियों ने समझ के आधार पर अपने पक्ष में करने लोगों को जतन किया। मतदान दिवस को लोकसभा क्षेत्र में लगभग 73 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसे लेकर दोनों दल अपना-अपना दावा कर रहे हैं कि मतदाताओं का ज्यादा समर्थन उनके पक्ष में रहा है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com